वर्ष -09, अंक -290, पृष्ठ- 8 मूल्य : दो रूपये

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज , शनिवार, 03 ,फरवरी, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Download From Google Play Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने किया ध्वजारोहण

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंधों में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्विपक्षीय संबंधों ने अभी तक केवल ऊपरी हिस्से को ही कवर किया है और ये काफी दूर तक जाने वाले हैं। भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने अमेरिका में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने यहां भारतीय अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान कहा ि ़ मैं आपको केवल यह बताना चाहता हूं कि अमेरिका-भारत संबंधों में भी क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे और आपके परिवार भारत के बारे में जागरूक हों भारत से जुड़े रहें। संधू ने यहां गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि उनकी दूसरी पीढ़ी भारत से जुड़ी रहे। उन्होंने कहा, ठमैं आपको केवल यह बताना चाहता हूं कि आज भारत में, अमेरिका-भारत संबंधों में भी क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं।ठ 35 साल से अधिक समय के बाद विदेश सेवा से इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त होने वाले संधू ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे और आपके परिवार भारत के बारे में जागरूक हों, भारत से जुड़े रहें। संधू ने कहा, न केवल भावनात्मक, सांस्कृतिक और कई अन्य कारणों से बल्कि आर्थिक और व्यावसायिक कारणों पर भी ध्यान दें और भारत से जुड़े रहें। मैकलीन, वर्जीनिया में कार्यक्रम का आयोजन नेशनल काउंसिल ऑफ एशियन इंडियन एसोसिएशन द्वारा किया गया था। वर्तमान राजदूत को भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने में उनकी भूमिका के लिए समुदाय के नेताओं द्वारा सम्मानित भी किया गया। संधू ने भारतीय अमेरिकी बिजनेस इम्पैक्ट ग्रुप द्वारा आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में बोलते हुए कहा कि भारत-अमेरिका संबंध अब तक केवल हिमशैल के शीर्ष को छू सका है।

## नौसेना में कल शामिल किया जाएगा अब तक का सबसे बड़ा 'सर्वेक्षण पोत संध्याक'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सर्वेक्षण पोत संध्याक शनिवार को भारतीय नौसेना में शामिल होगा। इससे रणनीतिक जलमार्गों पर नौसेना का निगरानी



तंत्र को और मजबूती मिलेगी। विशाखापत्तनम में आयोजित इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार और पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर मौजूद रहेंगे।सर्वेक्षण पोत संध्याक शनिवार को भारतीय नौसेना में शामिल होगा। इससे रणनीतिक जलमार्गों पर नौसेना का निगरानी तंत्र को और मजबूती मिलेगी। संध्याक को चार दिसंबर को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। यह गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) कोलकाता में बनाए जा रहे चार सर्वेक्षण पोत में से पहला पोत है। यह नौसैनिक अभियानों में भी शामिल होगा।संध्याक को चार दिसंबर को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। यह गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता में बनाए जा रहे चार सर्वेक्षण पोत में से पहला पोत है। यह पोत बंदरगाह तक पहुंचने वाले मार्गों का सर्वेक्षण करने, सुरक्षित नौवहन मार्गों का निर्धारण करने के साथ कई प्रकार के नौसैनिक अभियानों में भी शामिल होगा।दो डीजल इंजनों द्वारा संचालित यह पोत 18 समुद्री मील से अधिक की गति प्राप्त करने में सक्षम है। 110 मीटर लंबा, 3400 टन वजनी और 80 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ निर्मित यह पोत आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाने में भारत की बढ़ती जहाज निर्माण क्षमता का प्रमाण है। यह अमृत काल के अनुरूप विकसित भारत का अग्रदूत भी है।

## यूएई के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौते को कैबिनेट की स्वीकृति, आर्थिक सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने गुरुवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ निवेश समझौते को स्वीकृति प्रदान कर दी। इस समझौते से मैन्यूफैक्चरिंग और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) समेत विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय कैबिनेट ने गुरुवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ निवेश समझौते को स्वीकृति प्रदान कर दी। इस समझौते से मैन्यूफैक्चरिंग और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) समेत विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस महीने यूएई की यात्रा पर जाने की संभावना है। इस महत्वाकांक्षी निवेश समझौते पर हस्ताक्षर के लिए स्वीकृति ऐसे समय दी गई है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस महीने यूएई की यात्रा पर जाने की संभावना है। कैबिनेट ने वस्त्रों एवं परिधानों के लिए निर्यात प्रोत्साहन योजना 'द रिबेट आफ स्टेट एंड सेंट्रल टैक्सेस एंड लेवीज' को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने को भी मंजूरी प्रदान कर दी। यह योजना 2020 में शुरू की गई थी और पूर्व में इसे मार्च, 2024 तक बढ़ाया गया था। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में पशुपालन बुनियादी ढांचा विकास कोष (एएचआइडीएफ) को 2025-26 तक बढ़ा दिया गया। जून, 2020 में सरकार ने 15 हजार करोड़ रुपये से इस कोष की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की थी।



## प्रवेश परीक्षा में कदाचार से निपटने के लिए सरकार ने उठाया कदम, बजट सत्र में विधेयक लाने की तैयारी


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रवेश परीक्षा में नकल रोकने के लिए केंद्र सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। प्रवेश परीक्षा से संबंधित कदाचार को



रोकने के लिए विधेयक लाने की तैयारी है। केंद्र सरकार इस बजट सत्र में ही इससे जुड़े विधेयक लाने जा रही है। प्रवेश परीक्षा में नकल रोकने के लिए केंद्र सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। प्रवेश परीक्षा से संबंधित कदाचार को रोकने के लिए विधेयक लाने की तैयारी है। केंद्र सरकार इस बजट सत्र में ही इससे जुड़े विधेयक लाने जा रही है। सूत्रों ने बताया कि सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक में कदाचार के खिलाफ कड़े प्रावधान होंगे। केंद्र ने ऐसे व्यक्तियों, समूहों या संस्थानों को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए संसद के बजट सत्र में एक विधेयक लाने की योजना बनाई है, जो परीक्षाओं में नकल को बढ़ावा देते हैं सूत्रों ने बताया कि सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक में कदाचार के खिलाफ कड़े प्रावधान होंगे। देश भर में पेपर लीक सहित कदाचार के कई मामले सामने आए हैं, जिस वजह से कई परीक्षाओं को रद्द करना पड़ा है और इस वजह से छात्रों की परेशनी बढ़ी है। साथ ही उन्हें नुकसान भी उठाना पड़ा है।

## बारिश ने दी राहत तो ओलावृष्टि ने फसलों को पहुंचाया नुकसान, पहाड़ी राज्यों में बिछी बर्फ की सफेद चादर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब व हरियाणा सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में लगातार दूसरे दिन भी वर्षा हुई। इससे सर्दी का सितम तो बढ़ा, लेकिन गेहूं की फसल के लिए वर्षा का इंतजार कर रहे किसानों को राहत मिली है जानकारों का कहना है कि ठंड के बीच वर्षा गेहूं की फसल के लिए अच्छी है। हालांकि जिन स्थानों पर ओले पड़े हैं वहां नुकसान हुआ है क्योंकि इससे गेहूं के पत्ते फट जाते हैं। वर्षा सरसों की फसल के लिए भी नुकसानदेह है क्योंकि इसमें फूल आ चुके हैं। आलू की फसल भी प्रभावित हो सकती है अलबत्ता, पंजाब और हरियाणा में बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से फसलों को नुकसान हुआ है। पहाड़ी राज्य जम्मू-कश्मरी, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश के साथ ही बर्फवारी भी हुई। इससे जनजीवन तो प्रभावित हुआ, मगर पर्यटन को अब पंख लगेंगे। बर्फबारी से सेब उत्पादक खुश हैं। वर्षा से हवा की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत के कुछ राज्यों में शुक्रवार और शनिवार को भी बारिश हो सकती है। दिल्ली में 24 घंटे की वर्षा में दो माह की भरपाई दिल्ली में सिर्फ 24 घंटे की वर्षा ने दिसंबर-जनवरी महीनों का 'सूखा' खत्म कर दिया है। बुधवार से लेकर गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे तक 27.1 मिमी वर्षा हुई है। दिसंबर की सामान्य वर्षा 8.1 मिमी, जबकि जनवरी की 19.5 मिमी है, लेकिन इस बार दोनों माह सूखे रहे थे। मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार सुबह मध्यम से घना कोहरा होगा। दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।उत्तराखंड में लगातार दूसरे दिन बर्फबारी व वर्षा होने से पर्यटकों, किसानों, बागवानों के चेहरे खिल गए हैं। पूरे शीतकाल में पहली बार इस तरह बर्फबारी व वर्षा हुई है। नैनीताल की सबसे ऊंची चोटी चायना पीक में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। मसूरी में सुबह ओलावृष्टि और दोपहर बाद हल्का हिमपात हुआ। बर्फबारी से चार धाम समेत हिमालय की चोटियां चांदी की तरह चमक उठी। केदारनाथ धाम में दो फीट से अधिक बर्फ पड़ी। बर्फबारी से बदरीनाथ राजमार्ग हनुमानचट्टी के पास बाधित हो गया है, जबकि उत्तरकाशी में गंगोत्री राजमार्ग गंगनानी से आगे अवरुद्ध हो गया। हिमालय की चोटियों पर अगले तीन दिन तक बर्फबारी का क्रम बना रह सकता है। जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों के साथ श्रीनगर, कटड़ा में माता वैष्णो देवी के भवन, भैरो घाटी व पतनीटाप समेत कई हिस्सों में इस मौसम का पहला हिमपात हुआ। इससे लोगों के चेहरे खिल गए, पर यह मौसम परेशानी का भी सबब बना। रामबन जिले में भूस्खलन व बनिहाल में बर्फबारी से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया है। इससे देश का कश्मीर से सड़क संपर्क कट गया। जम्मू से श्रीनगर तक हाईवे पर जगह-जगह वाहनों को रोके जाने से लंबी कतारें लग गईं। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने उच्च पहाड़ी क्षेत्रों में हिमस्खलन की चेतावनी देते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।



## अगले वित्त वर्ष में खाद्य सब्सिडी का 2.05 लाख करोड़ खर्च होने का अनुमान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खाद्य सब्सिडी का खर्च 2.05 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जोकि चालू वित्त वर्ष में 2.12 लाख करोड़ रुपये से कम है वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खाद्य सब्सिडी का खर्च 2.05 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जोकि चालू वित्त वर्ष में 2.12 लाख करोड़ रुपये से कम है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत सरकार खाद्यान्न की खरीद करती है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का अनुमान है कि अगले वित्त वर्ष के लिए उर्वरक सब्सिडी 1.64 लाख करोड़ रुपये होगी जोकि चालू वित्त वर्ष के 1.89 लाख करोड़ रुपये से कम है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत सरकार खाद्यान्न की खरीद करती है। बाद में इस अनाज को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत बेचा जाता है। खरीद एवं बिक्री के बीच के अंतर की भरपाई के लिए खाद्य सब्सिडी प्रदान की जाती है। सरकार उर्वरक कंपनियों को उर्वरक पर सब्सिडी देती है। बाजार में बिकने वाली यूरिया का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) सरकार तय करती है। उनके विक्रय मूल्य और उत्पादन की लागत के बीच के अंतर पर सब्सिडी दी जाती है। डीएपी और एमओपी जैसे गैर-यूरिया उर्वरकों पर भी पोषक तत्व आधारित सब्सिडी प्रदान की जा रही है।



## हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व सीएम की हुई है गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो नेता हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के लिए सहमति जताई है। ईडी ने मनी लांड्रिंग मामले में झामुमो नेता को गिरफ्तार किया है। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बुधवार रात गिरफ्तार किए गए सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सबसे पहले हाई कोर्ट का रुख किया था।सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो नेता हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के लिए सहमति जताई है। ईडी ने मनी लांड्रिंग मामले में झामुमो नेता को गिरफ्तार किया है। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बुधवार रात गिरफ्तार किए गए सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सबसे पहले हाई कोर्ट का रुख किया था।झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की पीठ गुरुवार सुबह 10.30 बजे सोरेन की याचिका पर सुनवाई करने वाली थी। हालांकि, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में वकीलों की टीम ने अपनी रणनीति बदल दी और झारखंड हाई कोर्ट के समक्ष सुनवाई के बजाय शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया।सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ से कहा कि हम हाई कोर्ट में दायर याचिका वापस ले लेंगे। आम चुनाव से ठीक पहले गिरफ्तारी के इस तरीके से देश की राजनीति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडीशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सोरेन की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि हाई कोर्ट पहले ही गुरुवार को याचिका पर सुनवाई करने वाला है सिब्बल ने सोरेन की गिरफ्तारी से संबंधित समय और अन्य प्रक्रियात्मक पहलुओं पर सवाल उठाया। कहा कि यह एक ''गंभीर मामला'' है और पूछा कि किसी राज्य के मुख्यमंत्री को इस तरह कैसे गिरफ्तार किया जा सकता है।



## छात्र के निलंबन पर एनआईटी कालीकट में देर रात बवाल, एसएफआई के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कोझिकोड (केरल)।** एनआईटी कालीकट से एसएफआई से जुड़े एक छात्र के निलंबन पर देर रात लोगों ने बवाल काटा। दरअसल, 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का विरोध करने पर एनआईटी कालीकट ने एक छात्र को निलंबित कर दिया था जो एसएफआई का कार्यकर्ता है। इस मामले में गुरुवार देर रात एनआईटी कालीकट के निदेशक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।



पर एनआईटी कालीकट ने एक छात्र को निलंबित कर दिया था, जो एसएफआई का कार्यकर्ता है। एनआईटी कालीकट से एसएफआई से जुड़े एक छात्र के निलंबन पर देर रात लोगों ने बवाल काटा। दरअसल 22 जनवरी को अयोध्या इस मामले में गुरुवार देर रात एनआईटी कालीकट के निदेशक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में केएसयू और एसएफआई के कार्यकर्ता शामिल थे, जिनकी पुलिस के साथ झड़प हो गई।

## साइमा वाजेद ने डब्लूएचओ के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला, उनके नाम जुड़ी ये रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साइमा वाजेद ने गुरुवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन, दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। साइमा वाजेद इस पद पर काम करने वाली पहली बांग्लादेशी और दूसरी महिला हैं। साइमा वाजेद ने गुरुवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। साइमा वाजेद इस पद पर काम करने वाली पहली बांग्लादेशी और दूसरी महिला हैं। इससे पहले साइमा वाजेद मानसिक स्वास्थ्य और ऑटिज़्म पर डब्लूएचओ महानिदेशक के सलाहकार के रूप में कार्य कर चुकी हैं। 23 जनवरी को उन्हें जिनेवा में डब्लूएचओ कार्यकारी बोर्ड द्वारा नियुक्त किया गया था। साइमा वाजेद को पिछले साल एक नवंबर को नई दिल्ली में क्षेत्रीय समिति सत्र में डब्लूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया के सदस्य देशों द्वारा क्षेत्र का नेतृत्व करने के लिए नामित किया गया था और 23 जनवरी को उन्हें जिनेवा में डब्लूएचओ कार्यकारी बोर्ड द्वारा नियुक्त किया गया था। अब साइमा वाजेद 11 देशों में अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्य का निर्देशन करेंगी क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने कहा कि उनका लक्ष्य सदस्य देशों को मजबूत करना और डब्लूएचओ के लिए वर्तमान वास्तविकताओं और चुनौतियों को लेकर स्वास्थ्य संबंधी कमियों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि उनकी स ा व ा ि ा ` च च ा प्राथमिकताओं में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना है। डब्लूएचओ के अनुसार, साइमा वाजेद जलवायु और पर्यावरण परिवर्तन के प्रति स्वास्थ्य क्षेत्र के लचीलेपन को भी प्राथमिकता दे रही है इससे पहले साइमा वाजेद मानसिक स्वास्थ्य और ऑटिज़्म पर डब्लूएचओ महानिदेशक के सलाहकार के रूप में कार्य कर चुकी हैं। साथ ही वह मानसिक स्वास्थ्य पर डब्लूएचओ के विशेषज्ञ सलाहकार पैनल के सदस्य थीं।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एनएचआई से सम्बंधित रिंग रोड़- पैकेज 3 के तहत कराये जाने वाले कार्यों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की आपत्तियों का शीघ्रता के साथ निराकरण कराते हुए शीघ्र भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में रिंग रोड़- पैकेज 3 एनएचआई से सम्बंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों व लेखपालों से उनके क्षेत्र में संरेखण में आने वाले कुल कितने किसानों को मुआवजा की कितनी धनराशि का वितरण किया जाना था, के सापेक्ष कितनी धनराशि का वितरण कर दिया गया है, की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार व लेखपाल को मौके पर जाकर प्रत्येक मामले की आपत्तियों का निराकरण कराते हुए शीघ्र भुगतान की कार्यवाही



सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रत्येक लेखपाल से उनके क्षेत्र में संरेखण में कितने काश्तकार आ रहे है, कितने गाटे है, उन गाटों से सम्बंधित कितने किसान है, प्रत्येक किसान का अंश निर्धारण हुआ है या नहीं, कितने किसानों को फार्म-सीसी दिया गया है, कितने किसानों के मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है, की कारण सहित जानकारी प्राप्त करते हुए मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने संरेखण में आने वाले स्ट्रक्चरों का भुगतान शीघ्र कराकर खाली करवाये जाने के लिए कहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने संरेखण में आने वाले बाहरी किसान जिनसे सम्पर्क स्थापित नहीं हो पा रहा है, को चिन्हित करते हुए सब-रजिस्ट्रार कार्यालय से सम्बंधित काश्तकार की डिटेल लेकर सम्पर्क करने के लिए कहा है। उन्होंने संरेखण में आने वाले काश्तकारों के वरासत के मामलो को तुरंत निस्तारित कराने के लिए कहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने मुआवजा वितरण की कार्यवाही को शीघ्रता के साथ पूर्ण कराने एवं कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री जगदम्बा सिंह, अपर जिलाधिकारी नजूल श्री प्रदीप कुमार यादव, मुख्य राजस्व अधिकारी श्री कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारीगण व एनएचआई के अधिकारीगणों सहित अन्य विभागों के सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आदिवासियों को महामंडलेश्वर बनाएगा जूना अखाड़ा, धर्मांतरण रोकने के लिए तैयार किया जा रहा प्लान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** धर्मांतरण रोकने और हिंदुओं को संगठित करने के लिए जूना अखाड़ा आदिवासी समाज के लोगों को महामंडलेश्वर बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए आदिवासी संतों की सूची भी तैयार की जा रही है। यह पदवी महाकुंभ 2025 में देने की तैयारी है। शराब माफिया सचिन दत्ता, राधे मां जैसे लोगों को महामंडलेश्वर बनाकर विवादों में रहने वाले जूना अखाड़े ने अब आदिवासियों को शीर्ष पदों पर आसीन कराने का निणऱ्य लिया है। इस बार महाकुंभ-2025 से पहले जूना अखाड़ा वनवासी क्षेत्रों में वंचितों, गरीबों और बेसहारों का धर्मांतरण रोकने के लिए आदिवासी संतों को महामंडलेश्वर बनाएगा। इसके लिए मध्यप्रदेश, छत्तीगढ़, झारखंड, गुजरात और महाराष्ट्र में ऐसे संतों और पीठों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। ताकि, महाकुंभ में उनका पट्टाभिषेक कर पदवी दिलाई जा सके। महाकुंभ-2025 में पहली बार आदिवासी संतों को महामंडलेश्वर बनाने की तैयारी है। ऐसा सनातन संस्कृति को मजबूत करने और वनांचलों में सक्रिय मिशनरियों की ओर से कराए जा



रहे धमांतरण पर अंकुश लगाने के लिए किया जाएगा। माघ मेले में पहुंचे अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री और जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक महंत हरि गिरि ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि वन क्षेत्रों में जहां आदिवासी , गरीबों की बहुतायत आबादी है और उनकी गरीबी का फायदा उठाकर मिशनरियों के लोग धर्मांतरण करवा रहे हैं, वहां उसी समाज के बीच के संतों को ताकतवर बनाकर खड़ा किया जाएगा। खासतौर से गुजरात, महाराष्ट्र और झारखंड में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण की शिकायतें मिल रही हैं। वहां जूना अखाड़ा की ओर से सर्वेक्षण भी कराया जा रहा है। फिलहाल ऐसे प्रदेशों में आदिवासी संतों और मठों की सूची तैयार की जा रही है। महाकुंभ के दौरान इस संतों का पट्टभिषेक कर उन्हें सनातन धर्म के प्रचार के साथ ही ऐसे गरीबों को समझा बुझाकर पुनः सनातन संस्कृति से जोड़ने की जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी, जिन्हें बहका-फुसलाकर दूसरे धर्मों में शामिल करा दिया गया है।आदिवासी समाज में शक्तिशाली नेता, अफसर तो हैं ही अन्य उच्च पदों पर भी वह अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं, लेकिन वहां गरीब वनवासियों का धर्मांतरण तेजी से हो रहा है। ऐसे में आदिवासी संतों को महामंडलेश्वर बनाकर धर्मांतरण का जवाब देने के लिए तैयार किया जाएगा, ताकि वह अपने समाज को लोगों को समाझा-बुझाकर वापस ला सकें। - महंत हरि गिरि, महामंत्री-अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद। इससे पहले जातीय भेदभाव मिटाने और सामाजिक समरसता की भावना बढ़ाने के लिए जूना अखाड़ा अनुसूचित जाति के संत कन्हैया प्रभुनंद गिरि को महामंडलेश्वर बना चुके हैं। कन्हैया प्रभुनंद गिरि भी धर्मांतरण रोकने के साथ ही अनुसूचित और वंचित समाज के संतों को एक मंच पर लाने और सनातन संस्कृति से जोड़ने के लिए अभियान चला रहे हैं।

# थाना हण्डिया व एध्3 गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अंतर्राज्यीय गैंग के 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 12 मोटर साइकिल बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** थाना हण्डिया व एध्3 गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 30.01.2024 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ओवर ब्रिज के नीचे ग्राम भेसकी के पास से 03 अभियुक्त 1. अनिल मिश्रा पुत्र अनुज मिश्रा निवासी दक्षिणी कोटवा थाना सरायइनायत कमिशन्रेट प्रयागराज 2. अंकित मिश्रा पुत्र ओम प्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम दक्षिणी कोटवा थाना सराय इनायत कमिशन्रेट प्रयागराज 3. कुलदीप त्रिपाठी पुत्र श्याम सुन्दर त्रिपाठी निवासी ग्राम इछना थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया । उक्त अभियुक्तों के कब्जे व निशांदेही पर विभिनन्न घटनाओं मे चोरी की गयी कुल 12 मोटर साइकिल विभिनन्न कम्पनियों के बरामद किया गये, जिसे उक्त अभियुक्तों द्वारा चोरी कर बेचने हेतु अपने पास छिपाकर रखे हुये थे । उल्लेखनीय है कि उक्त अभियुक्तों द्वारा मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश राज्य के विभिनन्न जनपदों से मोटर साइकिल चोरी की घटना कारित की गयी थी तथा अभियुक्तों द्वारा पूछने पर बताया गया कि उनके द्वारा मोटर साइकिल को मास्टर-की लगाकर व लॉक तोड़कर चोरी करने के पश्चात उनके नम्बर प्लेट व इंजन नं0 तथा चेचिस नं0 को बदलकर व खुरच कर सस्ते दामों में बेच दिया जाता था । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज में मु0अ0सं0-47/2024 धारा- 411/413/414/419/420/467/468/471 भा0द0सं0 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण**-1. अनिल मिश्रा पुत्र अनुज मिश्रा निवासी दक्षिणी कोटवा थाना सरायइनायत कमिशन्रेट प्रयागराज, उम्र करीब 20 वर्ष ।2. अंकित मिश्रा पुत्र ओम प्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम दक्षिणी कोटवा थाना सरायइनायत कमिशन्रेट प्रयागराज, उम्र करीब 21 वर्ष ।3. कुलदीप त्रिपाठी पुत्र श्याम सुन्दर त्रिपाठी निवासी ग्राम इछना थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी, उम्र करीब 25 वर्ष ।




**पंजीकृत अभियोग का विवरण-** मु0अ0सं0-47/2024 धारा-411/413/414/419/420/467/468/471 भा0द0सं0 थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज ।**अभियुक्त अनिल मिश्रा उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**मु0अ0सं0-387/2022 धारा-323/341 भा0द0सं0 थाना सरायइनायत कमिशन्रेट प्रयागराज । मु0अ0सं0-30/2023 धारा-379/411 भा0द0सं0 थाना सरायइनायत कमिशन्रेट प्रयागराज । मु0अ0सं0-47/2024 धारा-411/413/414/419/420/467/468/471 भा0द0सं0 थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज । अभियुक्त कुलदीप त्रिपाठी उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-मु0अ0सं0-135/2022 धारा-379/411 भा0द0सं0 थाना खुल्दाबाद कमिशन्रेट प्रयागराज । मु0अ0सं0-229/2022 धारा-379/411 भा0द0सं0 थाना खुल्दाबाद कमिशन्रेट प्रयागराज । मु0अ0सं0-231/2022 धारा-411/414/419/420/467/468/471भा0द0सं0 थाना खुल्दाबाद कमिशन्रेट प्रयागराज । मु0अ0सं0-232/2022 धारा- 3/25 आर्म्स एक्टथानाखुल्दाबाद कमिशन्रेट प्रयागराज । मु0अ0सं0-47/2024 धारा-411/413/414/419/420/467/468/471 भा0द0सं0 थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम- 1. निरीक्षक रणन्जय सिंह, थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज । 2. उ0नि0 संजीव कुमार, प्रभारी एध्3 गंगानगर कमिशन्रेट प्रयागराज । 3. उ0नि0 एस0एम0 कासिम, थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज ।4. उ0नि0 चन्द्रशेखर यादव, थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज ।5. उ0नि0 विनय कुमार शुक्ला, थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज ।6. उ0नि0 सुमित आनन्द, थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज ।7. हे0का0 उमेश यादव, थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज ।8. हे0का0 सिद्धार्थ राय, एध्3 गंगानगर कमिशन्रेट प्रयागराज ।9. हे0का0 आनन्द कुमार सिंह, एध्3 गंगानगर कमिशन्रेट प्रयागराज । 10. का0 अभिषेक कननैजिया, थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज । 11. का0 शिवम यादव, थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज ।12. का0 सहेन्द्र पाल, थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज ।13. का0 अनिल यादव, थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज ।14. का0 योगेश कुशवाहा, थाना हण्डिया कमिशन्रेट प्रयागराज । 15. का0 रविन्द्र कुमार, एध्3 गंगानगर कमिशन्रेट प्रयागराज ।16. का0 समीर प्रताप सिंह, एध्3 गंगानगर कमिशन्रेट प्रयागराज ।17. का0 देवेन्द्र प्रताप, एध्3 गंगानगर कमिशन्रेट प्रयागराज । 18. का0 पियूष, एध्3 गंगानगर कमिशन्रेट प्रयागराज ।



# निठारी स्थित कम्पोजिट विद्यालय में बच्चों को दवा खिलाकर सीएमओ ने किया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नोएडा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को जनपद के निजी व सरकारी स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों, किशोर-किशोरियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. सुनील कुमार शर्मा ने नोएडा सेक्टर 31 स्थित कम्पोजिट विद्यालय निठारी में बच्चों को दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। बच्चों को दवा खिलाने से पहले सीएमओ ने पेट के कीड़े निकालने की दवा का महत्व बताया साथ ही यह भी बताया कि इसे खाना क्यों जरूरी है। उन्होंने कहा- पेट में कीड़े होने से स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। कीड़े शरीर में कमजोरी पैदा करते हैं क्योंकि जो खाना और तत्व बच्चों के शरीर में पहुंचना चाहिए वह कीड़े खा जाते हैं, इससे शरीर में खून की कमी, कैल्शियम की कमी, कुपोषण हो जाता है। इसके अलावा दस्त, कब्ज, स्किन एलर्जी हो जाती है। कई बार यह कीड़े दिमाग में भी चले जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग साल में दो बार एक से 19 वर्ष तक के बच्चों, किशोर-किशोरियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाता है। फरवरी और अगस्त में यह दवा खिलाई जाती है। इसे सभी को जरूर खाना चाहिए। इस दवा के सेवन से स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार के साथ साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी बढ़ोतरी होगी। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने बहुत ही अनुशासित ढंग से शांतिपूर्वक दवा का सेवन किया।



दवा खिलाने से पूर्व स्कूल की सहायक अध्यापिका ने बच्चों को बताया कि किस तरह से उन्हें दवा खानी है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन बच्चों की इस समय तबीयत खराब हो या खाना नहीं खाया हो वह इस दवा को नहीं खाएं। जो बच्चे अभी दवा नहीं खा पाएंगे उन्हें पांच फरवरी को दवा खिलाने की व्यवस्था है। स्कूल में बृहस्पतिवार को 498 बच्चों को दवा खिलाई गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनजीत कुमार ने बच्चों और शिक्षिकाओं को बताया कि यदि दवा खाने के बाद किसी भी तरह उल्टी या मिचली महसूस होती है तो घबराने की जरूरत नहीं। पेट में कीड़े ज्यादा होने पर दवा खाने के बाद सरदर्द, उल्टी, मिचली, थकान होना या चक्कर आना महसूस होना एक सामान्य प्रक्रिया है। दवा खाने के थोड़ी देर बाद सब सही हो जाता है। यदि किसी को बच्चे को ज्यादा दिक्कत महसूस हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर परामर्श करें। आरबीएसके की डीईआईसी मैनेजर रचना वर्मा ने बताया- स्वयं सेवी संस्था एविडेंस एक्शन के सहयोग से जनपद के सभी सरकारी, निजी स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, मदरसों में कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर पेट के कीड़े निकालने की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गयी। निठारी स्थित कंपोजिट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा के साथ राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के नोडल अधिकारी डा. ललित कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनजीत कुमार, डीईआईसी मैनेजर रचना वर्मा मौजूद रहीं। स्कूल के सहायक अध्यापक- चंद्र शेखर गोयल, सहायक अध्यापिका पूनम खनन, दीपिका रस्तोगी, कुसुम लता शर्मा, शशि मिश्रा, सरोज आदि का विशेष सहयोग रहा। मीठी लगी गोली - कम्पोजिट विद्यालय के छात्र मनीष ने कहा कि सभी बच्चों के साथ उसने पेट के कीड़े निकालने की दवा खाई। दवा मीठी और अच्छी लगी। इसे चबाकर खाया और बाद में पानी पिया। विद्यालय के बच्चों ने बताया- इस दवा के फायदे के बारे में टीचर उन्हें पहले ही बता चुकी हैं। मां ने भी कहा था कि स्कूल में जो दवा मिले उसे खा लेना। भारत सरकार के सहायक पर्यवेक्षक ने लिया जायजा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान भारत सरकार की ओर से उनके प्रतिनिधि रजत कुमार ने ओम पब्लिक स्कूल गोपाल घर (जेवर) में जाकर कृमि मुक्ति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का जायजा लिया।




# जनवरी में बर्फीली हवाओं ने कंपाया, फरवरी में धूप ने दी राहत; अगले हफ्ते बूंदाबांदी के आसार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**काशी।** काशीवासियों को जनवरी ने खूब कंपाया, लेकिन फरवरी शुरू होते ही धूप ने लोगों को राहत दे दी है। जिले में पिछले महीने अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी का रिकॉर्ड बना। ठंड से राहत मिली तो अन्य दिनों के मुकाबले शुक्रवार को काशी के घाटों पर रौनक दिखी। पहाड़ों पर बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ ने जनवरी में ठंड का नौ साल का रिकार्ड तोड़ दिया। शीतलहर और बर्फीली हवाओं ने लोगों को कंपा दिया। जनवरी में वाराणसा का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था तो अधिकतम तापमान भी 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पूरे जनवरी माह में दो बार ऐसा हुआ कि अधिकतम



और न्यूनतम तापमान के बीच का अंतर भी तीन से पांच डिग्री सेल्सियस रहा। इस कारण ठंड भी अधिक रही। हालांकि फरवरी के पहले दिन ही धूप की वजह से लोगों को कड़कड़ाती ठंड से राहत मिली, जो दूसरे दिन भी जारी है। तापमान भी बढ़कर 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।नए साल के शुरूआत से ही मौसम ने ऐसा करवट लिया कि हर कोई ठंड से परेशान हो गया। पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाओं ने कंपा दिया तो घने कोहरे और शीतलहर का असर आमजनजीवन पर देखने का मिला। जनवरी माह में तीसरे सप्ताह में तो दो दिन तक धूप ही नहीं निकली कि लोगों को राहत मिल सके। ठंड इतनी अधिक रही कि बारहवीं तक के विद्यालय तो बंद रहे। शीतलहर का हवाला देते हुए विश्वविद्यालयों में भी परीक्षाएं टालनी पड़ी। इधर 26 जनवरी के बाद से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। पिछले दो दिन से हवा की रफ्तार भी कम हो गई है तो धूप भी इतनी अच्छी हो रही है कि दिन में ठंड भी बहुत कम महसूस हो रही है। बुधवार की तरह ही बृहस्पतिवार को भी सुबह से ही मौसम साफ रहा।

# थाना कोन पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में 01 नफर बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेते हुए 02 नफर वांछित अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी ओबरा के निकट पर्यवेक्षण में महिला सम्बन्धी अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक-31.01.2024 को थाना कोन पुलिस द्वारा थाना कोन पर पंजीकृत मु0अ0सं0-18/2023 धारा-376(3) भादवि व 53/6 पॉस्को एक्ट व 67 आईटी एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में संलिप्त 01 नफर बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया तथा 02 नफर वांछित अभियुक्तगण 1.मगरु उर्फ इन्साफ अली पुत्र जुनाव अली, निवासी ग्राम देवाटन, थाना कोन, जनपद सोनभद्र 2. मो0 इशहाक पुत्र नजीरुद्दीन, निवासी ग्राम देवाटन, थाना कोन, जनपद सोनभद्र को समय 20.15 बजे खेतकटवा चौराहे के समीप, थाना कोन से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-** 1.मगरु उर्फ इन्साफ अली पुत्र जुनाव अली, निवासी ग्राम देवाटन, थाना कोन, जनपद सोनभद्र। 2.मो0 इशहाक पुत्र नजीरुद्दीन, निवासी ग्राम देवाटन, थाना कोन, जनपद सोनभद्र। **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-** 1.प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत, थाना कोन, जनपद सोनभद्र। 2.व0उ0नि0 रवीन्द्र प्रसाद, थाना कोन, जनपद सोनभद्र। 3.हे0का त्रिभुवन प्रसाद, थाना कोन, जनपद सोनभद्र। 4.का0 सचिन यादव, थाना कोन, जनपद सोनभद्र। 5.का0 रमेश कुमार, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।






# थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित गैंगस्टर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 01.02.2024 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-83/2024 धारा-3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 का वांछित गैंगेस्टर अपराधी बबलू सोनी पुत्र गनेश सोनी, निवासी रामगढ़, थाना पन्नूगंज, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 20 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। **गिरफ्तार करने वाली टीमः** 1.प्रभारी निरीक्षक शिवप्रताप वर्मा, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 2.हे0का0 रविकान्त गौतम, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। 3.हे0का0 रविकुमार यादव, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।



# थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा भिन्न भिन्न स्थानो पर शान्ति व्यवस्था भंग कर रहे 05 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर की गयी निरोधक कार्यवाही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के आदेश के क्रम मे भिनन - भिनन स्थान से शान्ति व्यवस्था भंग होने की प्रवल सम्भावना होने पर आज दिनांक 01.02.2024 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा धारा 151 सीआरपीसी में कुल 05 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर निवारक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-** 1.रोशन खान पुत्र असगर अली, निवासी नई बस्ती, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 50 वर्ष। 2.सोशन खान पुत्र असगर अली, निवासी नई बस्ती, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 45 वर्ष। 3.रामकिंकर त्रिपाठी पुत्र वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी, निवासी ग्राम सुकृत, थाना



रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 32 वर्ष। 4.अननन अंसारी पुत्र स्व0 इबादत अली, निवासी ग्राम लेवा, थाना अधौरा जिला कैमूर भभूआ, (बिहार) हाल पता थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष। 5.रोशन अली पुत्र साबिर अली, निवासी ग्राम लेवा, थाना अधौरा, जिला कैमूर भभुआ (बिहार) हाल पता थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र करीब 20 वर्ष।

# बलिया पुलिस के उत्पीड़नात्मक रवैया से वकीलों में आक्रोश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** बलिया पुलिस के उत्पीड़नात्मक रवैया से वकीलों में आक्रोश को देखते हुए यूपी बार काउंसिल सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष जय नारायण पांडेय एडवोकेट ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्रक भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग उठाई है। साथ ही पत्रक की प्रति प्रमुख सचिव गृह उत्तर प्रदेश, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी बलिया एवं पुलिस अधीक्षक बलिया को भी भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्रक में पांडेय द्वारा अवगत कराया गया है कि सुनील कुमार चौबे एडवोकेट सिविल कोर्ट बलिया में नियमित विधि व्यवसाय करते हैं। इनका एक भूमि विवाद था, जिसका निस्तारण माननीय सवोच्च न्यायालय ने चौबे के पक्ष में कर दिया है। बावजूद इसके उसी परिवार द्वारा सुनील



कुमार चौबे एडवोकेट को जबरजस्ती यौन उत्पीड़न के मामले में फसा दिया गया है। पांडेय ने यह भी अवगत कराया है कि मामले की निष्पक्ष जांच किए बगैर बलिया पुलिस ने सुनील कुमार चौबे एडवोकेट के विरुद्ध 27 जनवरी 2024 को एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया गया है। यह प्रकरण गंभीर है और एक अधिवक्ता को बिना जांच जेल भेजे जाने से संबंधित है। जिसकी वजह से अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इसलिए मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने का आदेश दिया जाना आवश्यक एवं न्यायसंगत है। पांडेय द्वारा पत्रक की प्रति प्रमुख सचिव गृह उत्तर प्रदेश, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी बलिया एवं पुलिस अधीक्षक बलिया को भी भेजा गया है।

# थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा अवैध तरीके से मालवाहक में लगे एक अदद डम्फर को किया गया सीज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निकट पर्वेक्षण में अवैध खनन के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस व सेलटैक्स विभाग की संयुक्त चेकिंग के दौरान वाहन संख्या ळ्ह64उ9232 डम्फर जिसपर 31 घन मीटर बिना कोई वैध प्रपत्र के गिट्टी लाद कर ले जाते हुए पकड़ा गया, जिसका कोई वैध कागजात तथा वाहन से सम्बन्धित प्रपत्रो को प्रस्तुत न किये जाने के कारण खनिज से लदे उपरोक्त वाहन को नियमानुसार सीज किया गया । सोनभद्र पुलिस द्वारा अवैध खनन के सम्बन्ध में इस प्रकार की कार्यवाही अनवरत जारी रहेगी ।



# सड़क सुरक्षा नियमो का पालन कर दूसरे को भी रखे सुरक्षित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** हिंडालको रेनूसागर पावर डिवीजन के प्रमुख आर पी सिंह के दिशा निर्देशन व मानव संसाधन प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह के देख रेख में चल रहे माह भर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रेनूसागर प्रेक्षागृह में बच्चों व अध्यापकों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल व आदित्य बिरला इंटरमीडिएट कॉलेज के लगभग दो सौ बच्चों व अध्यापकों ने भाग लिया, कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम आदित्य बंदना से हुई, तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अधिकारी कैप्टन रोहित देव फरासी ने उपस्थित सभी छात्रों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और यातायात का पालन करने तथा सुरक्षित यात्रा के लिए जागरूक किया, उन्होंने बच्चों को समझाते हुए कहा कि जब हम यात्रा करें ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें इससे हम सुरक्षित रहकर दूसरे को भी सुरक्षित रख सकते है, यात्रा के दौरान सुरक्षा संकेत का जरूर ध्यान रखें उन्होंने वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने की सभी से अपेक्षा की और अंत में उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा की जानकारी हो सके घ् माह भर चल रहे सड़क सुरक्षा अभियान सिक्योरिटी विभाग हेड कर्नल जयदीप मिश्रा नेतृत्व में जगह जगह दुर्घनाओ के बचाव हेतु बिरला मार्केट,कॉलोनी परिसर , दो पहिया,चार पहिया चालक व ट्रक चालकों को विडिओ फिल्म के माध्यम से जागरूक किया गया। बच्चो,अध्यापको,व्यापारियों,चालकों व कॉलोनी रहवासियों द्वारा रेनूसागर प्रबंधन की प्रशंसा की गयी। कार्यक्रम का संचालन ट्रांसपोर्ट विभग के अधिकारी मुकेश श्रीवास्त्व ने किया।




# थाना बभनी पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को किया गया गिरफ्तार




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 31.01.2024 को थाना बभनी पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी मुकुंदलाल गुप्ता पुत्र मुननीलाल गुप्ता, निवासी ग्राम रौनाटोला बभनी, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तार करने वाली टीम -** 1.उ0नि0 बीर बहादुर चौधरी थाना बभनी जनपद सोनभद्र । 2.हे0का0 अमरनाथ जी थाना बभनी जनपद सोनभद्र । 3.का0 शिवम सिंह थाना बभनी जनपद सोनभद्र ।

# थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा भिन्न-भिन्न स्थान से 06 नफर वारंटीयों को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा वांछित/वारण्टी



अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 31.01.2024 को थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा भिन्न-भिन्न स्थानों से 03 नफर वारण्टी अभियुक्त/अभियुक्तागण गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** 1.मुलायम पुत्र मदालू, निवासी ग्राम लेड़ुआ, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 26 वर्ष । 2.बीरू कहार पुत्र सुबेदार, निवासी ग्राम लेड़ुआ, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद जनपद सोनभद्र उम्र करीब 31 वर्ष । 3.रामजीव पुत्र स्व0 पुनने उर्फ पुनवासी, , निवासी नरोखर, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 55 वर्ष। 4.संन्जू पुत्र रामजीव, निवासी ग्राम नरोखर ,थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र उम्र कीब 27 वर्ष। 5.छोटू पुत्र रामनाथ धांगर, निवासी ग्राम मऊकला थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 50 वर्ष। 6.सुषमा देवी पतने प्रदीप कुमार, निवासी ग्राम सिलथम, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 24 वर्ष। **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-** 1.उ0नि0 रामकुंवर यादव थाना रामपुर बरकोनिया सोनभद्र । 2.उ0नि0 शिव कुमार पाण्डेय थाना रामपुर बरकोनिया सोनभद्र। 3.उ0नि0 मो0 जाफर खाँ थाना रामपुर बरकोनिया सोनभद्र। 4.हे0का0 गोविन्द सिंह यादव थाना रामपुर बरकोनिया सोनभद्र। 5.हे0का0 तबरेज खाँ थाना रामपुर बरकोनिया सोनभद्र। 6.हे0का0 मनोज कुमार सिंह थाना रामपुर बरकोनिया सोनभद्र। 7.का0 मनोज यादव थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र। 7.म0का0 सुदामा देवी थाना रामपुर बरकोनिया सोनभद्र।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस महिला मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना हुए भ्रस्टाचार के मामले




को लेकर गुरुवार को महिला कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे के अगुवाई में विकास भवन पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया गया, समाज कल्याण अधिकारी को बर्खास्त करने की मांग की गई और दोषी फर्म और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई । उक्त मांग से सम्बन्धित ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री को भेजकर कार्यवाही की मांग की है, जिले महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष ऊषा चौबे ने कहा कि जनपद मे सामुहिक विवाह योजना में भारी लूट किया गया है, लाभार्थियों को चांदी की जगह गिल्ट का जेवर दिया गया वही अन्य सामानों की गुणवत्ता में धांधली की गई है, बीजेपी सरकार मे शादी के बाद बेटियों को मिलने वाले सामग्री और धन पर भी डाका डाला जा रहा है, समाज कल्याण मंत्री के नाक के नीचे भ्रस्टाचार मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस को आईना दिखाने के लिए प्रयाप्त है, समाज कल्याण विभाग द्वारा अपने चहेते ठेकेदार को काम देकर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, श्रीमती चौबे ने कहा कि जनपद सोनभद्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, महिलाओं का जमकर शोषण किया जा रहा है, उनके मिलने वाले योजनाओं मे जमकर लूट पाट किया जा रहा है, महिलाओं का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जाएगा, अगर शीघ्र दोषियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो महिला कॉंग्रेस सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करेगी।

# थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा भिन्न-भिन्न स्थान से कुल 04 नफर वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे



अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 01.02.2024 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा भिनन्-भिनन् स्थानों से कुल 04 नफर वारण्टी अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-** 1.रामसेवक पुत्र स्व0 डंगर, निवसी अमौलिया, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 61 वर्ष। 2.गौतम पुत्र जयराम, निवासी बिजौली, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 52 वर्ष। 3.गौतम पुत्र जयराम, निवासी बिजौली, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 50 वर्ष। 4.राजकुमार पटेल पुत्र प्रेम सिंह पटेल, निवासी कुर्था, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 40 वर्ष।

# पटना-कुर्ला एक्सप्रेस के एसी कोच से निकला धुआं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विंध्याचल।** विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार को सुबह अप लाइन पर आई पटना-कुर्ला एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच में धुंआ निकलने लगा। धुआं निकलने के कारण अलार्म बजने लगा। इसके बाद ट्रेन के कर्मचारी ने वाकी-टाकी से स्टेशन मास्टर को सूचना दी।एसी कोच में लगे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से धुआं निकल रहा था। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने तार निकाल गड़बड़ी दूर की। इसके चलते ट्रेन एक घंटे तक स्टेशन पर रुकी रही। इसके बाद ट्रेन मुंबई के लिए रवाना हुई। विंध्याचल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर पटना से आ रही पटना-कुर्ला एक्सप्रेस (13201) सुबह छह बजकर 10 मिनट पर खड़ी हुई तो अचानक एसी कोच में फायर अलार्म बजने लगा। ट्रेन के एसी कोच में शॉर्ट सर्किट के कारण धुंआ निकलने



लगा था। फायर अलार्म बजने से एसी कोच में मौजूद यात्रियों में खलबली मच गई और यात्री ट्रेन से बाहर आ गए।ट्रेन के अंदर मौजूद कर्मचारी ने इसकी जानकारी स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर तत्काल रेलकर्मी मौके पर पहुंच गए। कर्मचारियों ने तार निकालकर मरम्मत कार्य पूरा किया। मरम्मत होने के बाद सुबह सात बजकर 20 मिनट पर ट्रेन को रवाना किया गया। विंध्याचल रेलवे स्टेशन के अधीक्षक इरफान सिद्दीकी ने बताया कि पटना-कुर्ला एक्सप्रेस के एसी कोच के ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से धुआं निकलने लगा था। उसकी मरम्मत कराई गई। इस कारण ट्रेन एक घंटे स्टेशन पर खड़ी रही। मरम्मत के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

# कर ने मारी बिजली के खंभे में जोरदार टक्कर कर सवार बाल बाल बचा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के गुरमुरा में एक कार अनियंत्रित होकर बिजली के खम्बे में जोरदार



टक्कर मारते हुए पलट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज बुधवार दोपहर बाद एक कार चोपन से सिंगरौली के लिए जा रही थी कि जैसे ही गुरमुरा जय गुरुदेव आश्रम के समीप पहुंची ही एकाएक अनियंत्रित होकर बिजली के खम्बे में जोरदार टक्कर मारते हुए पलट गई। स्थानीय लोगों के मदद से कार में फँसे चालक को बाहर निकाला गया। वही लोगों ने बताया कि कार इतना जोरदार टक्कर मार की बिजली का खम्बा टुकड़े टुकड़े हो गया। वही कार चालक प्रवेश ने बताया कि वह सिंदुरिया पालटेकिन्क कालेज में अध्यापक है और उनके बच्चे की तबीयत खराब होने की घर से सूचना आने पर घबड़ा गए और कार की तेज गति होने के कारण अनियंत्रित हो गई जिसके कारण यह घटना घटी बहरहाल भगवान का शुक्र है कि हमें चोट नहीं आई है हम बाल बाल बच गए।

# विधायक खेल महाकुम्भ के लिए नगवां में क्वालीफाई मैच आयोजित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** सदर विधायक भूपेश चौबे के संरक्षण में चल रहे विधायक खेल महाकुम्भ में भाग लेने के लिए नगवां ब्लॉक के वैनी खेल मैदान पर क्वालीफाई मैच का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि ब्लॉक प्रमुख नगवां आलोक सिंह के साथ संतोष शुक्ला, विकास मिश्रा, शिब्बू चौबे ने भगवान श्री राम की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर खेल का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के पहले दिन एक फ़रवरी को सुबह 11 बजे से बालीबाल, कबड्डी और बालिका वर्ग में खो-खो खेल का प्रदर्शन हुआ। जिसमे खो-खो के लिए शिव प्रताप सिंह इंटर कालेज और शाहू जी इंटर कालेज की छात्राएं रहीं बालीबाल और कबड्डी की टीमें जो प्रतिभाग की उनको ज्योतिषाचार्य देवेश शास्त्री और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल ने प्रशस्ति पत्र दिया। क्वालीफाई के लिए फाइनल मैच और दौड़ की प्रतियोगिता दो फरवरी को होना है। बताते चलें कि वैनी खेल मैदान पर ब्लॉक स्तर की विजेता टीम जिला मुख्यालय पर चल रहे विधायक खेल महाकुम्भ 2024 में प्रतिभाग करेंगी। उक्त खेल मैदान पर आयोजक मंडल के मनोज जायसवाल, महेंद्र सिंह, सर्वजीत सिंह, विजय सिंह, ओम प्रकाश जायसवाल, विनय सिंह, परमानंद पटेल, शिवम पटेल, मुरारी पटेल,आदि रहे।

# मंडलीय अस्पताल में दांत का डिजिटल एक्सरे शुरू रेडिएशन का खतरा भी कम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** मेडिकल कॉलेज के अधीन मंडलीय अस्पताल में दांत का इलाज कराने आने वाले मरीजों के लिए पहली बार दांत के डिजिटल एक्सरे की सुविधा शुरू हुई है। दांत का एक्सरे करने के लिए डिजिटल डेंटल एक्सरे मशीन लगाई गई है। इससे एक्सरे करने पर रेडिएशन का खतरा भी कम रहेगा। मरीजों को अस्पताल में एक्सरे की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध होगी।मंडलीय अस्पताल में दंत रोग विभाग में काफी समय से उपकरण आदि की कमी थी। दंत विभाग में लगे चेयर व उपकरण आदि पुराने हो गए थे। मेडिकल कॉलेज के अधीन होने के बाद सुविधा बढ़ी है। दंत रोग विभाग में नए टेबल आने के साथ ही अब दांत के डिजिटल एक्सरे की सुविधा भी शुरू हो रही है। इससे पहले अस्पताल में दांत के एक्सरे की सुविधा नहीं थी। दंत रोग विभाग की विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर निरमा यादव ने बताया कि अस्पताल में अब तक दांत के एक्सरे की सुविधा नहीं थी। इस कारण मरीजों को बाहर एक्सरे कराने जाना पड़ता था। अब अस्पताल में डिजिटल डेंटल एक्सरे मशीन आने से मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। यह मशीन आधुनिक है। अन्य डिजिटल एक्सरे मशीन से रेडिएशन का भी खतरा रहता है, परंतु इस मशीन से रेडिएशन का खतरा कम रहेगा। ऐसे में गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं भी इससे एक्सरे करा सकती हैं। उन्होंने बताया कि इसमें एक कैमरा है। एक सेंसर डिवाइस है। इससे दांत के एक्सरे को मानिटर पर देख सकते हैं। मरीज को इसका प्रिंट भी दिया जा सकता है। उसके मोबाइल फोन पर भी एक्सरे रिपोर्ट भेजी जा सकती है।

# क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत के लिए जनहित सेना ने किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नरायनपुर।** वाराणसी-मिर्जापुर मार्ग पर नरायनपुर पुलिस चौकी से शेरपुर चौराहे तक डेढ़ किमी



लंबे क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत के लिए बृहस्पतिवार को जनहित सेना के कार्यकर्ताओं ने मोटर मंडी के पास प्रदर्शन किया।संगठन के अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने कहा कि करीब तीन साल सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नरायनपुर पुलिस चौकी से शेरपुर चौराहे तक सड़क पर जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इसके चलते आए दिन दोपहिया वाहन सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। उन्होंने अविलंब क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी। प्रदर्शन में आत्माराम गोस्वामी, मुहम्मद जकी, आनंद कुमार आजाद, संसार पाठक, हरिहर यादव आदि शामिल रहे।

# गांव चलो अभियान पार्टी कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को गौरीशंकर मंडल की कार्यशाला बैठक संपनन्




हुई इस दौरान मुख्य अतिथि अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा मां सरस्वती प्रतिमा प्रदीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस दौरान मुक्त अतिथि अजीत रावत ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि पीएम मोदी के 10 साल कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण होने को लेकर प्रदेश संगठन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम गांव चलो अभियान के तहत सभी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मंडल भूत स्तर पर अभियान को चलाएं जिसमें मौजूद पदाधिकारी का अंगवास पहनकर सम्मान किया गया वहीं श्री रावत ने बताया कि पीएम मोदी के योजनाओं को हर घर पहुंचने को लेकर गांव चलो अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है इस मौके पर जिला महामंत्री भाजपा अमरनाथ पटेल राजेश मिश्रा जी नरसिंह पटेल जी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरीशंकर मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह पटेल रहे इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशुतोष चतुर्वेदी नरसिंह पटेल अजय मिश्रा आशुतोष शुक्ला पिंटू सिंह तारा देवी प्रदीप मौर्या मोहित सिंह अरुण त्रिपाठी।

# अपनी मांगों को लेकर आजाद समाज पार्टी ने सौपा ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारी द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए जिला



पंचायत राज अधिकारी नामित ज्ञापन शॉप कर बुलंद की गई आवाज। वहीं जिला अध्यक्ष रविकांत ने बताया की ग्राम पंचायत भभाईच के पंचायत सचिव संगीता राय को उनके कार्यालय से अनुपस्थित रहने तथा ग्रामवासियों के कार्य करने में हिला हवाली हो रहा है जिसको लेकर गुरुवार को ग्राम सभा भभाईच, पोस्ट-करगरा, ब्लाक-रावट्र्सगंज, जनपद-सोनभद्र में सचिव संगीता राय ग्राम सभा के पंचायत भवन भभाईच में उपस्थित नियमित रूप से नहीं होती है और न ही ग्रामवासियों के किसी समस्या को सुनती है। किसी प्रकार से ग्रामवासी जरिए फोन सम्पर्क करते है। या अपनी समस्या बताते है तथा परिवार रजिस्टर की नकल या अन्य कागजात के सम्बन्ध में फोन से निवेदन करने पर ग्रामवासियों के साथ दुर्व्यवहार से बात करती है तथा धमकी इत्यादि देती है। कि यदि दुबारा मेरे फोन पर काल किया तुम लोगों को फर्जी मुकदमें में फसवा कर जेल भेज दूँगी। मैं अपना ड्यूटी कही पर रहकर करूँगी, मैं आफिस आऊ या न आऊ तुम लोग कुछ नहीं कर सकते तुम लोगों को सबक सिखा दूँगी। ग्रामवासी अपनी समस्या के लिए प्रधान या ब्लाक का चक्कर लगाते रहते है। परन्तु ग्राम पंचायत सचिव/सेक्रेट्री के अपने आफिस कार्यालय पर नहीं मिलने के कारण ग्रारिणों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामवासी हैरान परेशान होकर श्रीमान् जी को ग्राम पंचायत भभाईच सचिव संगीता राय के सम्बन्ध में लिखित सूचना दे रहे है।

## सम्पादकीय

# विकास की ऊंचाइयों को छूने की दिशा में बढ़ रही है असमानता की चुनौती

श्रमिकों के पास बचत और निवेश करने के लिए कम आय होती है, जिससे असमानता और बढ़ जाती है। यूएनडीपी का यह भी कहना है कि सबसे कमजोर लोगों में अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले लोग (खासकर महिलाएं) शामिल हैं। वहीं भ्रष्टाचार, कमजोर कर नीति और प्रशासन के साथ-साथ प्रभावी सामाजिक सुरक्षा की कमी के कारण असमानता और भी बढ़ गई है'।बढ़ती वैश्विक चुनौतियों और आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद भारत अच्छी स्थिति में है। कुछ लोग भविष्य को लेकर भले उत्साहित हैं। लेकिन हमें रास्ते में आने वाली बाधाओं और चुनौतियों को कम नहीं आंकना चाहिए। यह भारत का दशक या भारत की सदी तभी हो सकती है, जब सभी भारतीयों के जीवन की गुणवत्ता में तेजी से सुधार



हो, अवसरों की समानता हो और उन अवसरों का लाभ उठाने के लिए पर्याप्त कौशल भी हो। विकास की ऊंचाइयों को छूने की दिशा में कुछ चुनौतियां भी हैं, जिन पर ध्यान देना जरूरी है।पहली चुनौती यह है कि भारत की सफलता की कहानी असमान है। कई भारतीय वर्षों पहले की तुलना में आज कहीं बेहतर स्थिति में जरूर हैं, पर लाखों लोग अब भी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की 2024 की रिपोर्ट 'मेकिंग अवर फ्यूचर-न्यू डायरेक्शंस फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट इन द एशिया ऍंड पैसिफिक' में कहा गया है कि 'संपत्ति में शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों की हिस्सेदारी के आधार पर देखें, तो थाईलैंड, चीन, म्यांमार, भारत और श्रीलंका सर्वाधिक आर्थिक असमानता वाले देश हैं।' रिपोर्ट में बताया गया है कि 'वैश्वीकरण और तकनीकी प्रगति ने कुछ समूहों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं, जबकि दूसरों को पीछे छोड़ दिया है। इसके परिणामस्वरूप आम तौर पर पूंजीपतियों को राष्ट्रीय आय का बड़ा हिस्सा मिलता है।' अब अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के आंकड़ों को ही लें, जिनसे पता चलता है कि एशिया और प्रशांत क्षेत्र में श्रमिकों की आय हिस्सेदारी वैश्विक औसत से कम है। परिणामस्वरूप, श्रमिकों के पास बचत और निवेश करने के लिए कम आय होती है, जिससे असमानता और बढ़ जाती है। यूएनडीपी का यह भी कहना है कि सबसे कमजोर लोगों में अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले लोग (खासकर महिलाएं) शामिल हैं। वहीं भ्रष्टाचार, कमजोर कर नीति और प्रशासन के साथ-साथ प्रभावी सामाजिक सुरक्षा की कमी के कारण असमानता और भी बढ़ गई है'।अब यदि हम यह देखें, कि इसमें भारत का स्थान कहां है, तो यूएनडीपी की रिपोर्ट के अनुसार, हाल के दशकों में भारत ने जीवन स्तर में काफी सुधार किया है और गरीबी में काफी कमी आई है, पर असमानता में वृद्धि देखी जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'वर्ष 2000 और 2022 के बीच प्रति व्यक्ति आय 442 डॉलर से बढ़कर 2,389 डॉलर हो गई। और 2004 और 2019 के बीच गरीबी दर (प्रति दिन 2.15 डॉलर के अंतरराष्ट्रीय गरीबी माप के आधार पर) 40 से गिरकर 10 फीसदी हो गई। इसके अलावा, वर्ष 2015-16 और 2019-21 के बीच बहुआयामी गरीबी में रहने वाली आबादी का हिस्सा 25 से गिरकर 15 फीसदी रह गया। इन सफलताओं के बावजूद, गरीबी लगातार उन राज्यों में केंद्रित है, जहां देश की 45 फीसदी आबादी रहती है, और जहां 62 फीसदी लोग गरीब है। गरीबी रेखा से ठीक ऊपर वाले समूह भी बेहद कमजोर स्थिति में हैं, जिनके दोबारा गरीबी में जाने का खतरा है। इनमें महिलाएं, अनौपचारिक श्रमिक और अंतरराज्यीय प्रवासी शामिल हैं।

# बिहार तो सिर्फ एक झलक है, इस 'अनैतिकता' की पूरी जिम्मेदारी राहुल गांधी पर

नीतीश कुमार का पाला बदलना अनैतिक हो सकता है, पर कांग्रेस की अगुआई वाले 'इंडिया' गठबंधन ने इसे होने दिया। इस स्थिति के लिए कांग्रेस और गांधी परिवार, खासकर राहुल गांधी पूरी तरह जिम्मेदार हैं, जिन्होंने सीट समायोजन के लिए गठबंधन में आम सहमति बनाने के बजाय न्याय यात्रा को चुना।नीतीश कुमार के पाला बदल लेने से विपक्षी दलों के बीच जो अराजकता और बेचैनी बढ़ी



है, उसके जिम्मेदार वे स्वयं हैं। बेशक नीतीश कुमार का पाला बदलना अनैतिक हो सकता है, पर कांग्रेस की अगुआई वाले 'इंडिया' गठबंधन ने इसे होने दिया। जून, 2023 से, जब 'इंडिया' गठबंधन अस्तित्व में आया, कमेटी राज, कई शक्ति केंद्र, एक ही पार्टी को प्रमुखता और संवाद की कमी ने इसका संकेत दे दिया था। यह सुनने में भले अजीब लगे, लेकिन कुछ अस्पष्ट कारणों से कांग्रेस ने अपने ही पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने या गठबंधन का अध्यक्ष बनने से इन्कार कर दिया। इसने एक क्षेत्रीय क्षत्रप को संयोजक के पद से वंचित करने, गठबंधन सचिवालय की स्थापना करने या नेतृत्व के मुद्दे को निपटाने की संभावनाओं को खत्म कर दिया।इस तरह से, इस गड़बड़ी की जिम्मेदारी पूरी तरह से कांग्रेस और गांधी परिवार की है, खासकर राहुल गांधी की, जिन्होंने सीट समायोजन के लिए गठबंधन में आम सहमति बनाने के बजाय न्याय यात्रा को चुना। गांधी परिवार को अफसोस हो रहा होगा कि कैसे उन्होंने नीतीश को 'इंडिया' गठबंधन का संयोजक बनाकर शांत करने का सुनहरा मौका गंवा दिया। सभी लोग जब नीतीश को संयोजक बनाने पर सहमत हो गए थे, तब राहुल ने कथित तौर पर तर्क दिया कि चूंकि ममता बनर्जी नहीं थीं, इसलिए उनकी सहमति ली जानी चाहिए।अगले दो सप्ताह तक राहुल इसे या तो भूल गए या नजर अंदाज करने का फैसला लिया।

# निर्वाचन में स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ खजाने का बोझ कम करने की मंशा

प्रत्यक्ष लोकतंत्र के लिए हमने फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट प्रणाली अपनाई है, जिसका अर्थ यह है कि सबसे अधिक वैध मत प्राप्त करने वाला प्रत्याशी विजयी होता है। यह प्रणाली ग्राम पंचायत, राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के निर्वाचन में प्रयोग में लाई जाती है। निर्वाचन अर्थात जन प्रतिनिधियों का चुनाव प्रतिनिधि लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह सर्वविदित है कि भारत प्रतिनिधि लोकतंत्र का सवोत्तम उदाहरण है, क्योंकि यह न केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि यह सबसे सफल लोकतंत्रों में से भी एक है। भारत में निर्वाचन की एक और बड़ी विशेषता यह भी है कि यहां एक आदर्श संसदीय प्रणाली की भांति प्रत्यक्ष और परोक्ष, दोनों ही प्रकार के निर्वाचन का मिश्रित प्रावधान है।प्रत्यक्ष लोकतंत्र के लिए हमने फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट प्रणाली अपनाई है, जिसका अर्थ यह है कि सबसे अधिक वैध मत प्राप्त करने वाला प्रत्याशी विजयी होता है। यह प्रणाली ग्राम पंचायत, राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के निर्वाचन में प्रयोग में लाई जाती है। दूसरी ओर, अप्रत्यक्ष निर्वाचन के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत एकल संक्रमणीय पद्धति का प्रयोग जिला परिषद, विधान परिषद, राज्यसभा, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में किया जाता है। यहां यह उल्लेख भी समीचीन होगा कि संरचना की दृष्टि से भारत एक संसदीय परिसंघ है। अतः राज्यों में निर्वाचन भी संसदीय निर्वाचन के समान महत्वपूर्ण है। ऐसी स्थिति में अगर लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचन को एक साथ (एक तिथि पर या एक निश्चित समय सीमा के भीतर) कराया जाए, तो कदाचित इससे न केवल निर्वाचन की स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सकती है, बल्कि राज्य के खजाने पर पड़ने वाले अत्यधिक दबाव को भी कम किया जा सकता है। 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा के पीछे यही मंशा है। इस रूप में इसकी संरचनात्मक प्रासंगिकता पर प्रश्न चिह्न नहीं लगाया जा सकता।सितंबर, 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर उसे इसकी व्यवहार्यता बताने की जवाबदेही दी गई थी। समिति द्वारा 'मैक्रोइकनॉमिक इंपैक्ट ऑफ हार्मीनाइजिंग इलेक्टोरल साइकल, एविडेंसेज फ्रॉम इंडिया' नामक शोध पत्र के आधार पर यह संकेत दिया गया है कि एक साथ चुनाव से उच्च आर्थिक विकास को गति मिलेगी, और पूंजी व राजस्व पर व्यय में सरकारी निवेश अधिक होगा। निर्वाचन आयोग और अन्य अंशधारकों के साथ की गई वार्ताओं से प्रेरित होकर समिति ने जनता से इस विषय पर राय मांगी थी।हाल




ही में एक उत्साहवर्धक आंकड़ा सामने आया है। लगभग 81 प्रतिशत सुझाव 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के पक्ष में है। निश्चित रूप से सरकार के लिए यह एक बड़ा प्रेरणा स्रोत होगा। लेकिन अब भी मंजिल पाना बहुत सरल नहीं है। एक ओर इसका विरोध करने वालों द्वारा उठाए गए मुद्दों को संबोधित करना आवश्यक है, वहीं दूसरी ओर इसके सांविधानिक पक्षों पर गौर करना भी अनिवार्य है। ध्यातव्य हो कि 1967 तक देश में एक साथ चुनाव कराए जाते रहे थे, लेकिन 1968 और 1969 में कुछ राज्यों की विधानसभाओं के भंग हो जाने के कारण यह परंपरा टूट गई। इस पूरी प्रक्रिया में यही मुद्दा सबसे गंभीर है। इसके अतिरिक्त, इतने बड़े पैमाने पर एक साथ चुनाव कराने के लिए ईवीएम, लॉजिस्टिक समर्थन और अन्य अवसंरचनात्मक सुविधाओं की उपलब्धता भी एक बड़ी चुनौती होगी।गौरतलब है कि इस प्रस्ताव को सांविधानिक आधार देना सबसे महत्वपूर्ण होगा, जो भारत में संविधान की सर्वोच्चता और विधि के शासन के प्रचलन के अनुरूप होगा। इसके लिए कई सांविधानिक प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता होगी। सबसे पहले, अनुच्छेद 83 और 85, जो क्रमशः संसद के सदनों की अवधि और राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा को भंग करने से संबंधित है, में संशोधन की आवश्यकता है। इसी प्रकार, अनुच्छेद 172, जो राज्य विधानमंडलों की अवधि से संबंधित है और अनुच्छेद 174 राज्य विधानमंडलों के विघटन से संबंधित है, में भी संशोधन आवश्यक है। एक और प्रावधान, जिसमें संशोधन की आवश्यकता होगी वह अनुच्छेद 356 है, जो राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने से संबंधित है। ध्यातव्य हो कि एक संसदीय समिति ने भारत के निर्वाचन आयोग सहित विभिनन्न हितधारकों के परामर्श से एक साथ चुनाव के मुद्दे की जांच की थी। इन प्रावधानों में सबसे महत्वपूर्ण अनुच्छेद 83 है, जिसमें भारत के परिसंघीय ढांचे के स्थायित्व के लिए राज्यसभा को तो स्थायी सदन बनाया गया है, लेकिन संसदीय तंत्र और प्रतिनिधि लोकतंत्र की व्यावहारिकता के लिए लोकसभा का पांच वर्षीय कार्यकाल उल्लिखित है। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यदि इसके विघटन पर रोक लगाने का प्रावधान किया जाएगा, तो यह संविधान के विरुद्ध होगा। ऐसी स्थिति में यदि कार्यकाल के पूर्व विघटन की घटना होती है, तो चुनावी चक्र बाधित हो जाएगा। यही स्थिति राज्यों के स्तर पर भी है। उच्च स्तरीय समिति के सामने इसी समस्या का समाधान सबसे महत्वपूर्ण है।अब यदि विरोधी पक्ष के तर्कों पर बात की जाए, तो यह कहा गया है कि ऐसा कोई भी कदम संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन होगा। साथ ही, इस प्रक्रिया से भारत में क्षेत्रीय हितों की अनदेखी होने की आशंका है, जो परिसंघीय अभिलक्षणों का विरोध करेगी। संविधान के मूल ढांचे के उल्लंघन का तर्क प्रासंगिक प्रतीत नहीं होता, क्योंकि चुनाव एक साथ हों या अलग-अलग, किसी भी स्थिति में वह प्रतिनिधि लोकतंत्र के ही अनुरूप है। सबसे बड़ी बात यह है कि पहले भी जब तक ऐसे चुनाव होते थे, तो आने वाले समय में भी कुछ संशोधनों के माध्यम से ऐसा किया जा सकता है।दूसरी ओर, जहां तक परिसंघीय ढांचे और क्षेत्रीय हितों का प्रश्न है, इनके भी प्रभावित होने की आशंका नहीं है, क्योंकि यह प्रक्रिया केवल चुनावों के संचालन के लिए है, न कि राजनीतिक दलों के विरुद्ध। क्षेत्रीय राजनीति संबंधित क्षेत्र के हितों के संरक्षण के लिए कटिबद्ध भी है और सक्षम भी। देखना केवल यह है कि जो सांविधानिक और कानूनी (लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951) संशोधन आवश्यक हैं, उनमें तार्किकता का प्रयोग हो। अंत में, यह उल्लेख अत्यंत उपयुक्त है कि भारत का निर्वाचन आयोग इस बात के लिए तैयार है कि वह इस प्रक्रिया के अनुरूप कार्य करेगा, जो ऐसे प्रस्ताव की व्यावहारिकता बनाए रखे हुए है।

# चीन पर अंकुश लगाने के लिए म्यांमार सीमा पर जरूरी है बाड़बंदी

एक फरवरी, 2021 को जब म्यांमार में सेना ने तख्तापलट किया था, तो भारत ने सतर्क रुख अपनाया। भारत ने कूटनीतिक और अप्रत्यक्ष रूप से जुंटा का समर्थन किया था, आंग सान सू की के नेतृत्व वाली लोकतांत्रिक ताकतों का खुले तौर पर समर्थन करने से परहेज किया था, जिसने अब इसे दुविधा में डाल दिया है। भारत के सामने चीन पर अंकुश लगाने की चुनौती है, जो इसलिए खतरनाक है, क्योंकि वह कुछ जातीय समूहों का समर्थन करता है।म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध के कारण सीमा पार से शरणार्थियों एवं विद्रोहियों की आमद के चलते भारत सरकार ने म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है, ताकि बांग्लादेश सीमा की तरह मुक्त आवाजाही व्यवस्था खत्म की जाए। सितंबर, 2023 में मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने केंद्रीय गृहमंत्री से संदिग्ध तत्वों एवं शरणार्थियों की घुसपैठ रोकने का अनुरोध किया था। म्यांमार में उथल-पुथल और हिंसा के चलते बीते दिसंबर तक 6,000 से ज्यादा शरणार्थियों ने मणिपुर में शरण ली है और उन्हें राज्य सरकार द्वारा भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। म्यांमार के साथ मणिपुर 398 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। बाड़ लगाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 1970 में शुरू की गई मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) खत्म हो जाएगी।लेकिन मुश्किल यह है कि मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने बाड़ लगाने का विरोध किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से इस संबंध में अनुरोध किया है। फरवरी, 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद से म्यांमार के 38,500 से अधिक लोगों ने मिजोरम में शरण ली है, जिससे राज्य प्रशासन पर बोझ बढ़ गया है। रखाइन प्रांत के पश्चिमी हिस्सों में जातीय अकरम सेना (एए) द्वारा सैन्य शिविरों पर कब्जा करने के बाद 500 से अधिक म्यांमार सैनिक मिजोरम में चले आए थे। मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड समेत भारत के पूर्वोत्तर राज्य म्यांमार के साथ 1,643 किलोमीटर लंबी खुली पहाड़ी सीमा साझा करते हैं, जिससे सुरक्षा की समस्या पैदा होती है और निवारक उपायों की जरूरत पड़ती है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के चीन के साथ घनिष्ठ रिश्ते को देखते हुए भारत को हिंसाग्रस्त म्यांमार में युद्धरत समूहों और सेना जनरलों के बीच शांति स्थापित करके सीमावर्ती क्षेत्रों के विद्रोहियों का समर्थन करने के अलावा, बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के बहाने म्यांमार के नजदीक आने की



चीनी रणनीति से उसे बचाने के लिए 'पड़ोसी पहले' की नीति के अनुरूप एक यथार्थवादी रणनीतिक खाका विकसित करने की जरूरत है।एक फरवरी, 2021 को जब म्यांमार में सेना ने तख्तापलट किया था, तो भारत ने सतर्क रुख अपनाया। भारत ने कूटनीतिक और अप्रत्यक्ष रूप से जुंटा का समर्थन किया था, आंग सान सू की के नेतृत्व वाली लोकतांत्रिक ताकतों का खुले तौर पर समर्थन करने से परहेज किया था, जिसने अब इसे दुविधा में डाल दिया है। भारत के सामने चीन पर अंकुश लगाने की चुनौती है, जो इसलिए खतरनाक है, क्योंकि वह कुछ जातीय समूहों का समर्थन करता है।इस जटिल परिदृश्य में 'द थ्री ब्रदरहुड एलायंस' द्वारा दिसंबर, 2023 में ऑपरेशन 1027 चलाया गया था, जिसमें ता'आंग नेशनल लिबरेशन आर्मी, एए और म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी शामिल थी, जिसने जुंटा को हिलाकर रख दिया था। जुंटा के खिलाफ आक्रामक हमले ने इसे एक विनाशकारी झटका दिया था, जिससे चीन को इसका समर्थन करना पड़ा। 'द थ्री ब्रदरहुड एलायंस' ने प्रमुख सड़कों और सैन्य चौकियों पर कब्जा कर लिया था, जिससे नकदी संकट से जूझ रहे जुंटा के राजस्व पर असर पड़ा और उसकी आवाजाही में बाधा उत्पन्न हुई। रिपोर्टों से पता चलता है कि शान राज्य पर अचानक हुए हमलों के बाद एए ने पश्चिमी तट पर रखाइन प्रांत में अपने बेस में सेना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। यह विद्रोहियों द्वारा पूर्व में थाईलैंड की सीमा से लगे काया राज्य और भारत की सीमा से लगे सागांग क्षेत्र और चिन प्रांत तक फैला एक समन्वित प्रयास था। यह सशस्त्र समूहों और जुंटा के बीच एक साल से जारी संघर्ष विराम का उल्लंघन था।इस साहसिक कदम से चीन के महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों पर सेना के नियंत्रण को खतरा है, जिससे उसके हितों पर असर पड़ेगा। एलायंस देश के एक हिस्से से जुंटा को अलग करने में सफल रहा है, जिससे होकर चीन के साथ म्यामार का 40 फीसदी द्विपक्षीय सीमा व्यापार होता है; लगभग एक अरब डॉलर का व्यापार चीन में पाइप द्वारा भेजी जाने वाली प्राकृतिक गैस से होता है।इससे पहले कि इसके चलते भारत के हितों को खतरा हो, भारत को म्यांमार के प्रति अपनी पुरानी स्थिति पर पुनर्विचार करना होगा। भारत का मानना है कि अमेरिका भारत के साथ मिलकर म्यांमार से संबंध बढ़ाने के लिए मौके का फायदा उठाए और मानवीय संकट को कम करने के लिए काम करे, जिससे जुंटा विरोधी ताकतों का समर्थन किया जा सके और संघीय लोकतंत्र की स्थापना की जा सके। भारत ने यह सुनिश्चित करने के लिए सेना और लोकतंत्र समर्थक राजनीतिक दलों से समान दूरी बनाए रखने की कोशिश की है, ताकि जुंटा चीन के पाले में न चला जाए।जातीय संगठनों के सशस्त्र विद्रोह ने बेनकाब हुए सैन्य जनरलों को कूटनीतिक झटका दिया है, जिसका सीधा असर चीन पर पड़ेगा। यूक्रेन युद्ध जुंटा के लिए एक वरदान के रूप में आया था, क्योंकि अमेरिका और यूरोपीय संघ उसमें व्यस्त थे। इस्राइल पर हमास के हमले ने पश्चिमी शक्तियों का म्यांमार से ध्यान हटा दिया है, लेकिन सशस्त्र समूहों के हमले से पूरा परिदृश्य बदल सकता है। म्यांमार में विपक्षी सांसदों द्वारा गठित राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) को पश्चिम का करीबी माना जाता है, जो सशस्त्र समूहों के सफल हमले के बाद प्रोत्साहित महसूस कर रही है।चीन ने म्यांमार से सीमा पर स्थिरता बहाल करने का आग्रह किया है, जबकि सशस्त्र समूहों के साथ जुंटा का संघर्ष तेज हो गया है। कुछ पूर्व राजनयिक चीन द्वारा अपनाई गई 'दोहरी नीति' से आश्चर्यचकित हैं, जो सक्रिय रूप से उग्रवादी समूहों का समर्थन कर रहा है। म्यांमार के उत्तरपूर्वी शान प्रांत में यूनाइटेड वा स्टेट आर्मी (यूडब्लूयूएसए) को चीन से हथियार और राजनीतिक सहायता मिलती है। म्यांमार शासन ने 24 अप्रैल, 2021 को जकार्ता में अपनाए गए पांच सूत्री सर्वसम्मति समझौते को अस्वीकार कर दिया है।

# चुनाव की दहलीज पर चौतरफा संकट में पाकिस्तान, नई सरकार के लिए भीषण चुनौती पहले से तैयार

पहले भी केंद्र की सत्ता में रह चुकी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो का दावा है कि उनकी पार्टी का चुनावी घोषणा पत्र रोटी, कपड़ा और मकान से ही जुड़ा हुआ है। यदि पीपीपी जीतती है, तो बिलावल ही प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे। आम ख्याल यह है कि मतदाता पीपीपी को भरपूर वोट देंगे, क्योंकि इस पार्टी के नेताओं ने बड़ी कुर्बानियां दी हैं और पाकिस्तान के लोग उन्हें भूले नहीं हैं।पाकिस्तान में आगामी आठ फरवरी को आम चुनाव होने जा रहे हैं, जबकि देश की जनता भारी मुश्किलों में फंसी हुई है। वहां महंगाई आसमान छू रही है। जमाखोरी और मुनाफाखोरी बढ़ रही है। पाकिस्तान पर 63,399 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। चीन के अलावा कहीं और से उसे उधार भी नहीं मिल रहा है। पाकिस्तान ने जिन आतंकियों को पाला है, वे भी सक्रिय हैं। इसके अलावा पाकिस्तान ने भारत, ईरान और अफगानिस्तान जैसे अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते खराब कर लिए हैं, जिसके चलते उसकी मुश्किलें बढ़ रही हैं।बताया जा रहा है कि चुनाव के मद्देनजर इस्लामाबाद की चार यूनिवर्सिटी को भी बंद कर दिया गया है। भारी संख्या में अर्ध सैनिक बल तैनात करके सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। राजनीतिक पार्टियां जोर-जोर में प्रचार में लगी हुई हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के मुखिया इमरान खान जेल में हैं। उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न बल्ला छीन लिया गया है। उनके उम्मीदवार स्वतंत्र तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं।पहले भी केंद्र की सत्ता में रह चुकी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो का दावा है कि उनकी पार्टी का चुनावी घोषणा पत्र रोटी, कपड़ा और मकान से ही जुड़ा हुआ है। यदि पीपीपी जीतती है, तो बिलावल ही प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे। आम ख्याल यह है कि मतदाता पीपीपी को भरपूर वोट देंगे, क्योंकि इस पार्टी के नेताओं ने बड़ी कुर्बानियां दी हैं और पाकिस्तान के लोग उन्हें भूले नहीं हैं। लेकिन दुनिया भर की निगाहें नवाज शरीफ पर लगी हैं, जिन्हें मुल्क की अदालतों ने भ्रष्टाचार के सभी आरोपों से बरी कर दिया है। बताया जाता है कि पाकिस्तान की सेना अनौपचारिक रूप से नवाज शरीफ का समर्थन कर रही है। यानी सेना किसी भी सूरत में नवाज शरीफ को सत्ता दिलाने की कोशिश करेगी। कुछ समय पहले नवाज शरीफ कह चुके हैं कि 'कश्मीर का मसला इस्लामाबाद शालीनता के साथ हल करना चाहता है। हमारे देश की समस्याएं न तो भारत की देन हैं और न अमेरिका की। हमने अपने पांव पर खुद ही कुल्हाड़ी मारी है।' मगर अब नवाज शरीफ की पार्टी मुस्लिम लीग (नवाज) ने जो चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है, उसमें भारत से कश्मीर को लेकर अगस्त, 2019 का फैसला वापस लेने के लिए शर्त लगाई है, लेकिन उनकी यह शर्त कभी पूरी नहीं होगी। इस चुनावी गहमागहमी के बीच ईरान से पाकिस्तान की ठन गई है, जबकि कुछ दिनों पहले तक दोनों अच्छे मित्र थे। अचानक पाकिस्तानी आतंकवादियों ने ईरान पर मिसाइल से हमला कर दिया और फिर अगले दिन ईरान ने जवाबी कार्रवाई की। इससे दोनों देशों में जान-माल का भारी नुकसान हुआ। इसके तुरंत बाद दोनों ने इस विवाद को आपसी बातचीत से सुलझाने की घोषणा कर दी। इस घटना से पूरी दुनिया हैरान रह गई, क्योंकि ईरान सरकार को इस साल कई अंतरराष्ट्रीय विवादों से निपटना है।भारत से तो पाकिस्तान के रिश्ते खराब हैं ही, अफगानिस्तान के साथ रिश्ते भी निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान में करीब 40 लाख अफगान नागरिक हैं, जिनमें 17 लाख अवैध रूप से रह रहे हैं। पाकिस्तान ने अवैध अफगानियों को वापस भेजना शुरू कर दिया है और अब तक पांच लाख अफगानी वापस



भेजे भी जा चुके हैं। चूंकि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के पास भी उनको खिलाने-रखने का माकूल इंतजाम नहीं है, इसलिए दोनों देशों के बीच तल्खी बढ़ी है। इसके अलावा दोनों मुल्कों के बीच तनाव का एक और कारण डूरंड रेखा है। डूरंड रेखा अफगानिस्तान व पाकिस्तान के बीच 2,430 किलोमीटर अंतरराष्ट्रीय सीमा है। पिछली सरकारों की तरह अफगान की मौजूदा सरकार डूरंड रेखा को सीमा के रूप में मान्यता देने की तैयार नहीं है। सीमा पर पाकिस्तानी सैनिकों और तालिबान के बीच अक्सर झड़पें होती रहती हैं। इसे हल किए बगैर दोनों देशों के संबंधों में सुधार नहीं आ पाएगा।उम्मीद करनी चाहिए कि पाकिस्तान में जो नई सरकार सत्ता में आएगी, वह लोकतंत्र के नाम पर आतंक के घिनौने खेल को इजाजत नहीं देगी और जनता के गंभीर मसलों को दूर करेगी, अन्यथा पाकिस्तान में अस्थिरता व अनिश्चितता जारी रहेगी। अब देखना है कि पाकिस्तान की राजनीति का ऊंट किस करवट बैठता है!

# कृषि के कायाकल्प का अवसर, किसानों की आय बढ़ाने वाली नीतियों को मिले प्राथमिकता

आगामी बजट में उन नीतियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो किसानों की आय बढ़ाएं और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करें।कृषि देश के आर्थिक और सामाजिक ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक तरफ एमएसपी बढ़ोतरी और फसल बीमा



योजनाओं जैसी हालिया पहलों ने आशा की किरणें जगाई हैं, दूसरी तरफ बढ़ती कृषि लागत, अस्थिर बाजार कीमतें, कर्ज के नीचे दबता किसान, जलवायु परिवर्तन व सीमित बुनियादी ढांचा नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और नवीन समाधानों की मांग करता है। आगामी बजट नई जमीन तैयार करने और अधिक मजबूत, टिकाऊ व समावेशी कृषि परिदृश्य विकसित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है।जलवायु परिवर्तन सिर्फ कृषि क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए समस्या बनकर उभरी है। बजट में ड्रिप सिंचाई, मृदा संरक्षण तकनीक और सूखा प्रतिरोधी फसल किस्मों को अपनाने जैसी जलवायु-लचीली प्रथाओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जैविक खेती के उपकरण और इनपुट के लिए कर छूट और सब्सिडी किसानों को रासायनिक उर्वरकों से दूर जाने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। सिंचाई और कृषि प्रसंस्करण के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में निवेश जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटा सकता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम कर सकता है।किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। बीज, उर्वरक, बिजली और पानी पर भारी सब्सिडी देने के बावजूद अधिकांश किसान लगातार संकट में हैं और आत्महत्या और आंदोलन का कारण बन रहे है। भारत में किसानों की औसत आय उससे भी कम बनी हुई है। बजट में उन नीतियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो उनकी आय बढ़ाएं और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करें।

# 'स्क्विड गेम' 2 का फर्स्ट लुक आया सामने, खत्म हुआ दर्शकों का लंबा इंतजार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कोरियन थ्रिलर शो 'स्क्विड गेम' के पहले सीजन के ग्लोबल हिट होने के बाद फैंस ने 3



साल तक इस शो के दूसरे सीजन का इंतजार किया। जो अब जल्द पूरा होने जा रहा है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने गुरुवार को स्क्विड गेम सीजन दो का पहला लुक जारी किया कोरियन थ्रिलर शो 'स्क्विड गेम' का पहला सीजन साल 2021 में रिलीज हुआ था जिसे दुनिया भर में पसंद किया गया। वहीं अब 3 तीन साल बाद इस शो का दूसरा सीजन आ रहा है। मेकर्स ने गुरुवार को स्क्विड गेम सीजन 2 की पहली झलक शेयर की है। सेओंग गि-हुन की भूमिका निभाने वाले ली जंग-जे का दमदार अवतार देखने को मिला। शेयर किए गए वीडियो में स्क्विड गेम की एक झलक दिखाई गई। सेओंग गि-हुन की भूमिका निभाने वाले ली जंग-जे को हवाई अड्डे से बाहर निकलते समय गहरे नीले रंग का सूट पहने नजर आ रहे हैं। इस दौरान उनका पिंक हेयर स्टाइल नजर आ रहा है। क्लिप की शुरुआत में वह कैमरे की ओर पीठ करके हुए है और फोन पर किसी ने बात करते हुए कहते है तुम्हें अपने द्वारा किए गए चुनाव पर पछतावा होगा। मैं तुम्हें ढूंढ लूंगा। चाहे कुछ भी करना पड़े इसके बाद उन्होंने कॉल काट करते है।नेटफ्लिक्स फिलीपींस ने भी अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। आगामी शो से कई तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, प्लेयर 456 इस साल आने वाले स्क्विड गेम सीजन 2 में वापसी भी करने के लिए तैयार है। तस्वीरों में जंग-जे, ली ब्युंग-हुन और गोंग यू शामिल हैं।

# ब्वॉयफ्रेंड संग सात फेरे लेंगी आरती सिंह, सामने आई शादी को लेकर ये बड़ी जानकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कॉमेडियन-अभिनेता कृष्णा अभिषेक की बहन और अभिनेत्री आरती सिंह के फैंस के



लिए एक गुड न्यूज सामने आ रही है, जिसे सुनकर आरती के फैंस के चेहरों पर बड़ी -सी स्माइल आ गई है। अभिनेत्री आरती सिंह के फैंस के लिए एक गुड न्यूज सामने आ रही है जिसे सुनकर आरती के फैंस के चेहरों पर बड़ी -सी स्माइल आ गई है। एक्ट्रेस आरती सिंह अपने ब्वॉयफ्रेंड दीपक चौहान संग शादी के बंधन में बंधने जा रही है। ये कपल इसी साल अप्रैल में शादी कर सकता है। पिछले कुछ महीनों से कई सेलेब्स शादी के बंधन में बंधे हैं। तो वहीं कुछ ऐसा भी हैं जो इस फरवरी और आने वाले समय में शादी करने जा रहे हैं। अब इस लिस्ट में आरती सिंह का भी नाम जुड़ता नजर आ रहा है। जी हां, एक्ट्रेस के शादी होने की खबर सामने आ रही है। हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टीवी फेम अभिनेत्री आरती सिंह अपने ब्वॉयफ्रेंड दीपक चौहान संग शादी के बंधन में बंधने जा रही है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि आरती ने अपनी शादी के लिए दो महीने अप्रैल और मई के बारे में सोचा है। एक्ट्रेस मुंबई में शादी के वेन्यू की तलाश कर रही है। वह डेस्टिनेशन वेडिंग नहीं करना चाहती। वह मुंबई में ही शादी का विचार कर रही है। कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस मुंबई में एक ग्रैंड वेडिंग की प्लानिंग कर रही हैं। एक्ट्रेस अपनी शादी से पहले अपने दोस्तों और करीबी के साथ अपनी बैचलरेट पार्टी एन्जॉय करेंगी। इसके अलावा खबर है कि उनकी शादी में टीवी इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड इंडस्ट्री के लोग भी शामिल होंगे। इस लिस्ट में मामा गोविंदा से लेकर सलमान खान, सिद्धार्थ शुक्ला का परिवार, शहनाज गिल और इंडस्ट्री के कई अन्य दोस्त शामिल होने की खबर है। 'ससुराल सिमर का' और 'उड़ान' जैसे सीरियल्स में नजर आ चुकी एक्ट्रेस सालों बाद अब एक बार फिर से पर्दे पर नजर आ रही है। उन्होंने लंबे समय बाद टीवी शो 'श्रवणी' से कमबैक किया। आरती सिंह इन दिनों 'श्रावणी' सीरियल में निगेटिव रोल में नजर आ रही हैं।

# स्वस्थ होकर काम पर लौटे श्रेयस, गोलमाल 5 का भी है इंतजार; क्या फिर गुदगुदाने आ रहे हैं एक्टर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जिंदगी सबसे अनमोल तोहफा है। इस बात को अभिनेता श्रेयस तलपड़े बहुत नजदीक से समझ रहे हैं। पिछले साल दिसंबर में उन्हें हार्ट अटैक आया था। मौत से लड़कर, जब जिंदगी ने उन्हें गले लगाया, तो इसकी अहमियत से बहुत बेहतर है। गुरुवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने घर से ही एक लाइव चैट किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि अब मैं स्वस्थ हो चुका हूं। तबियत पहले से बहुत बेहतर है। धीरे-धीरे वर्कआउट शुरू कर दिया है। बहुत जल्द अब मैं अपनी फिल्मों की शूटिंग शुरू करूंगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वह मराठी शो माझी तुझी रेशमीगाठ (एमटीआर) की अभिनेत्री प्रार्थना बेहरे के साथ अपने घर



अब उनके लिए और बढ़ गई है। स्वस्थ होने पर वह सीधे अपने प्यार अभिनय की ओर लौट आए हैं। श्रेयस ने मौत से लड़कर जब जिंदगी ने उन्हें गले लगाया तो इसकी अहमियत अब उनके लिए और बढ़ गई है। स्वस्थ होने पर वह सीधे अपने प्यार अभिनय की ओर लौट आए हैं। गुरुवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने घर से ही एक लाइव चैट किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि अब मैं स्वस्थ हो चुका हूं। तबियत पहले पर ही एक कहानी भी सुन रहे हैं। श्रेयस ने कहा कि हम दोनों एक कहानी सुनने वाले है। अगर उस फिल्म की कहानी अच्छी लगी, तो जल्द शूटिंग शुरू कर देंगे। इस लाइव के दौरान उनके प्रशंसकों ने उनसे पूछा कि गोलमाल 5 फिल्म में कब नजर आएंगे इस पर श्रेयस ने हंसते हुए कहा कि मैं भी उस फिल्म की प्रतीक्षा कर रहा हूं। जब रोहित (फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी) बोलेंगे, तो हम शूटिंग शुरू कर देंगे।

# एकता कपूर के फेमस शो नागिन 7 का हिस्सा बनेंगी अंकिता लोखंडे इस एक्टर संग करेंगी रोमांस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे बिग बॉस सीजन 17 में पति विक्की जैन के साथ एंट्री ली थी। अंकिता शो से बाहर आते ही एक्ट्रेस के हाथ एक के बाद एक कई प्रोजेक्ट्स आ रहे हैं। बीते दिनों जहां उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म 'स्वातंत्र्य आ चुके अंकित गुप्ता नजर आएंगे। पहली बार दोनों स्क्रीन साझा करते दिखाई देंगे। अंकिता लोखंडे ने यूं तो कंगना रनोट की फिल्म





ने शो में साढ़े तीन महीने का सफर तय किया और टॉप 4 में पहुंचकर बाहर हुई थीं। भले ही एक्ट्रेस ने शो न जीता हो, लेकिन लोगों के दिलों में एक बार फिर से जगह बना ली है। अंकिता लोखंडे बिग बॉस सीजन 17 में पति विक्की जैन के साथ एंट्री ली थी। इस शो से बाहर आते ही एक्ट्रेस के हाथ एक के बाद एक कई प्रोजेक्ट्स आ रहे हैं। बीते दिनों जहां उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर की घोषणा की थी। तो वहीं एक्ट्रेस के साथ एकता कपूर का एक बड़ा शो भी लगा है। इस वीर सावरकर' की घोषणा की थी। तो वहीं एक्ट्रेस के साथ एकता कपूर का एक बड़ा शो भी लगा है। बॉलीवुड लाइफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अंकिता लोखंडे अब जल्द एकता कपूर के फेमस शो नागिन 7 में नजर आ सकती हैं। सूत्रों की मानें तो एकता कपूर ने अपने हिट शो 'नागिन 7' के लिए अंकिता लोखंडे को साइन किया है। अंकिता पहले भी एकता कपूर के साथ काम कर चुकी हैं। 'नागिन' एकता कपूर और टेलीविजन के हिट शो में से एक है। इस शो में अंकिता के साथ टीवी एक्टर और बिग बॉस 16 में नजर 'मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ झांसी' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।अब वह रणदीप हुड्डा के साथ 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर लिखा था, 'इतिहास के पननें से खोए हुए नेता की कहानी लेकर आ रहे हैं। बिग बॉस 17 के तुरंत बाद एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है, काफी एक्स्ट्रा स्पेशल फील हो रहा। आनंद पंडित, ज़ी स्टूडियो की फिल्म में रणदीप हुड्डा के साथ इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने को लेकर आभारी हूं। अपने नजदीकी सिनेमाघरों में 22 मार्च 2024 को देखना न भूलें।

# ओटीटी पर सिद्धार्थ मल्होत्रा की इंडियन पुलिस फोर्स ने काटा गदर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बड़े पर्दे पर अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले कलाकार सिद्धार्थ मल्होत्रा ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कमाल कर



दिया है। हाल ही में एक्टर की डेब्यू वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया गया है। डायरेक्टर रोहित शेट्टी की पहली वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स इस समय दर्शकों की पहली पसंद बनी हुई है। ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर इस सीरीज को दर्शकों की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। जिसके चलते अब सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर इस वेब सीरीज ने प्राइम वीडियो पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है।फैंस की तरफ से इस सीरीज को बेशुमार प्यार मिल रहा है, जिसके चलते अब इंडियन पुलिस फोर्स ने प्राइम वीडियो पर एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। आइए जानते हैं कि सिद्धार्थ इस वेब सीरीज ने क्या कारनामा किया है। बीते 19 जनवरी को इंडियन पुलिस फोर्स को प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जा चुका है। दर्शकों की तरफ से इस सीरीज का पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है,जिसकी वजह से आईपीएफ ओटीटी पर कमाल करती हुई आगे बढ़ रही है।

# जाह्नवी कपूर की नो मेकअप लुक फोटो ने खींचा सबका ध्यान, 'धड़क' एक्ट्रेस ने फैंस से मांगी ये ब्यूटी टिप्स

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की बेटी और फेमस एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर किसी अलग परिचय की मोहताज नहीं हैं। फिल्मों में कमाल मीडिया पर एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। आए दिन जाह्नवी की कोई न कोई लेटेस्ट फोटो फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी रहती है। ऐसे में एक बार





की एक्टिंग के जरिए बहुत कम समय में उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई। सोशल मीडिया पर जाह्नवी काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं, जिसकी वजह से उनकी फोटो और वीडियो लाइमलाइट का हिस्सा बनती हैं। इस बीच देवरा मूवी अभिनेत्री की कुछ और लेटेस्ट तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें जाह्नवी कपूर अपने नो मेकअप लुक से वाहवाही लूट रही हैं। सोशल फिर से देवरा अदाकारा की कुछ लेटेस्ट तस्वीरें सामने आई हैं लेकिन खास बात ये है कि इस बार जाह्नवी कपूर नो मेकअप लुक के जरिए हर किसी का ध्यान खींच रही है। निर्माता करण जौहर की फिल्म धड़क से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने वाली जाह्नवी कपूर इंस्टाग्राम पर काफी समय बिताती हैं। गुरुवार को जाह्नवी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को शेयर किया है। इन फोटो में आपको अदाकारा का नो मेकअप लुक नजर आ रहा है। एक्ट्रेस की नेचुरल ब्यूटी हर किसी की ध्यान खींच रही है और फैंस के दिलों को आसानी से जीत रही हैं। इस पोस्ट में जाह्नवी की और भी कई शानदार तस्वीरें शामिल हैं, जिन पर से आप अपनी नजरें नहीं हटा पाएंगे। खासतौर पर उनकी नो मेक अप लुक वाली फोटो इस समय जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इन फोटो के कैप्शन में जाह्नवी कपूर ने फैंस से ब्यूटी टिप्स मांग ली हैं। उन्होंने लिखा है- गोरे गाल किसे पसंद नहीं, लेकिन उसका असली मजा तब है, जब वह थोड़े हल्के (बिना मेकअप) के रहें। इन्हें नेचुरली कैसे सुंदर बनाएं, अपनी राय दें। आलम ये है फैंस जाह्नवी कपूर की इन फोटो पर अलग-अलग तरह से अपनी राय दे रहे हैं। ओटीटी फिल्म बवाल के बाद से जाह्नवी कपूर एक्टिंग की दुनिया से ब्रेक पर मौजूद हैं। आने वाले समय में जाह्नवी साउथ सिनेमा के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा में नजर आएंगी। यूं तो ये मूवी 5 अप्रैल 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में जाह्नवी की इस अपकमिंग मूवी की रिलीज डेट में फेरबदल कर दिया गया है।

# फाइटर के आगे झुकने को तैयार नहीं 'हनु मैन', बुधवार को छापे इतने करोड़ रुपए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साल 2023 जहां बॉलीवुड फिल्मों के नाम रहा, तो वहीं 2024 में एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर साउथ की फिल्मों की धाक देने को मिल रही है। 'गुंटूर कारम' और 'कैप्टन मिलर' का सफर बॉक्स ऑफिस पर भले ही खत्म हो गया हो, लेकिन तेजा सज्जा की फिल्म 'हनु मैन' को खूब भा रही है। फिल्म के थिएटर में रिस्पॉन्स को देखते हुए मेकर्स इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर चुके हैं। 'हनु मैन' को पैन इंडिया रिलीज किया गया। हिंदी भाषा में कमाई के मामले में हनु मैन ऋतिक रोशन की फाइटर को बॉक्स ऑफिस पर कड़ी टक्कर दे रही है। मंगलवार को हनु मैन ने जहां हिंदी में 51 लाख के



बॉक्स ऑफिस पर लगातार सफलता के झंडे गाड़ रही है। तेजा सज्जा और वारालक्ष्मी की फिल्म हनु मैन बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। फाइटर के आगे ये तेलुगु फिल्म किसी भी हाल में झुकने को तैयार नहीं है। एक तरफ जहां घरेलू बॉक्स ऑफिस पर हर दिन फाइटर की हालत बिगड़ रही है तो वहीं रिलीज के 20वें दिन भी फाइटर इंडिया में ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड जहां तहलका मचाया हुआ है, तो वहीं घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 'फाइटर' के आगे भी झुकने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं है। रिलीज के 20वें दिन हनु मैन ने बॉक्स ऑफिस पर जोरदार कमाई की है। तेजा सज्जा और वारालक्ष्मी की इस तेलुगु फिल्म की कहानी दर्शकों आसपास का कलेक्शन किया था, तो वहीं बुधवार को मूवी का थोड़ा कलेक्शन बढ़ा है। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुधवार को इस फिल्म ने 61 लाख के आसपास हिंदी भाषा में कलेक्शन किया है, तो वहीं तेलुगु में फिल्म की कमाई 1.34 करोड़ के आसपास हुई है। हनु मैन ने हिंदी भाषा में 20 दिनों में टोटल 45.11 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। इसके अलावा तेलुगु में फिल्म का प्रदर्शन बेहद ही शानदार है और मूवी ने अब तक 130.25 करोड़ की कमाई कर ली है। मलयालम-कनन्ड़ और तमिल में भी फिल्म की ठीक-ठाक कमाई हुई है। हनु मैन ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 20 दिनों में लगभग 178.8 करोड़ तक का कलेक्शन कर लिया है।

# हर रोज लुढ़क रहा है 'फाइटर' का कलेक्शन


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के मौके पर बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली फिल्म 'फाइटर' सिनेमाघरों में जारी कलेक्शन की लेटेस्ट रिपोर्ट सामने आई है। ऐसे में आइए जानते हैं कि 'फाइटर' ने गुरुवार कितने करोड़ का कारोबार किया है। बीते 25 करोड़ की कमाई कर ली है। बुधवार की तुलना में 'फाइटर' के कलेक्शन में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। आज के आंकड़ों




है। इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत से हर किसी को हैरान किया है। ऋतिक रोशन की फिल्म फाइटर ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत की है। लेकिन रिलीज के चौथे दिन के बाद से हर रोज फाइटर की कमाई में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इस बीच ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर के 8वें दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की ताजा रिपोर्ट सामने आ गई है। लेकिन ओपनिंग वीकेंड के बाद से लगातार ऋतिक रोशन स्टारर इस मूवी की कमाई का स्तर कम होता नजर आ रहा है। इस बीच 'फाइटर' के 8वें दिन के बॉक्स ऑफिस जनवरी को फिल्म 'फाइटर' को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने शुरुआती चार दिन तक फैंस का जमकर मनोरंजन किया। जिसके चलते बॉक्स ऑफिस पर भी ऋतिक रोशन की ये मूवी कमाई के मामले में शानदार प्रदर्शन करने में सफल रही। लेकिन सोमवार के बाद से हर दिन 'फाइटर'का कलेक्शन नीचे की तरफ लुढ़कता हुआ नजर आया है। इस बीच गौर करें 'फाइटर' के 8वें दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की तरफ तो सैकनिल्क के अनुमानित आंकड़ों के अनुसार इस फिल्म ने दूसरे थर्सडे को करीब 5 को जोड़ दिया जाए तो ऋतिक की इस मूवी की अब नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 145.41 करोड़ तक पहुंच गया है। रिलीज के पहले 4 दिन में बॉक्स ऑफिस पर 120 करोड़ का कारोबार करने वाली 'फाइटर' मौजूदा समय में 150 करोड़ का आंकड़ा पार करने के लिए तरस रही है। रिलीज के 5वें दिन से जो हश्र 'फाइटर' का हुआ उसकी कल्पना शायद किसी न की होगी। गिरते कलेक्शन के ग्राफ से यकीनन तौर पर फिल्म के मेकर्स को बड़ा झटका लगा है। शुरुआती 4 दिन के बाद अगले 4 दिन में 'फाइटर' सिर्फ 25 करोड़ ही जोड़ सकी है।

# प्यार, पावर और आजादी की कहानी है 'हीरामंडी', जारी हुआ संजय लीला भंसाली की सीरीज का टीजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार काफी लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में सीरीज लीला भंसाली लार्जर दैन लाइफ फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। हीरामंडीः द डायमंड बाजार के साथ अब वो वेब सीरीज की दुनिया में भी कदम रख रहे हैं और अपना





के टीजर रिलीज की अपडेट दी गई थी। वहीं, अब गुरुवार यानी 1 फरवरी को हीरामंडी का टीजर जारी कर दिया गया है, जिसका इंतजार संजय लीला भंसाली के फैंस बेसब्री से कर रहे थे। गुरुवार 1 फरवरी को डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की मच अवेटेड वेब सीरीज हीरामंडी से अदिति राव हैदरी मनीषा कोइराला सोनाक्षी सिन्हा और ऋचा चड्ढा समेत कई एक्ट्रेस का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। हीरामंडी उनती ही भव्य और ड्रामेटिक है जैसी फिल्म बनाने के लिए संजय लीला भंसाली बनाने के लिए जाने जाते हैं। संजय जादू बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हीरामंडीः द डायमंड बाजार के टीजर में लीडिंग स्टार कास्ट का फर्स्ट लुक शेयर किया गया। सीरीज से अदिति राव हैदरी, मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा और ऋचा चड्ढा समेत कई एक्ट्रेस का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है। हीरामंडी उतनी ही भव्य और ड्रामेटिक है, जैसी फिल्म बनाने के लिए संजय लीला भंसाली जाने जाते हैं। हीरामंडी से भी देवदास, बाजीराव मस्तानी और पद्मावत जैसी कहानी की उम्मीद की जा सकती है। सीरीज के टीजर में अदिति राव हैदरी, मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा और ऋचा चड्ढा अलग लुक में नजर आ रही हैं ।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स
एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं
आधुनिक समाचार
पब्लिसिंग हाउस सी 41
यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज
211010 (उ.प्र.)
से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608783/10
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2018-20
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।